वर्ष : 34 | अंक : 366 | मुंबई, रविवार, 15 मार्च 2026 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल | संरक्षक : एन. के. पुरोहित

# DBD
# दो बजे दोपहर

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

- सरकार ने सोनम वांगचुक पर लगा एनएसए हटाया
- 170 दिन बाद जोधपुर जेल से रिहा हुए वांगचुक
- लेह हिंसा के बाद हिरासत में लिए गए थे

### पत्नी लेने पहुंचीं, निजी गाड़ी से निकले

वांगचुक को लेने उनकी पत्नी गीतांजलि सुबह करीब 10 बजे जोधपुर सेंट्रल जेल पहुंचीं। यहां जेल प्रशासन ने आवश्यक दस्तावेजी प्रक्रिया पूरी करवाई। इसके बाद दोपहर में सोनम वांगचुक और उनकी पत्नी गीतांजलि जेल से बाहर निकले। दोनों एक निजी गाड़ी में पुलिस सुरक्षा के बीच रवाना हुए।

# देशद्रोही के 'दाग' से 'आजाद' हुए सोनम

एजेंसी । जोधपुर

फरवरी 2025 में जब सोनम वांगचुक UN द्वारा आयोजित एक पर्यावरण कांफ्रेंस में भाग लेने पड़ोसी मुल्क गए थे। तब तक छठी सूची के नाम पर सोनम को केंद्र द्वारा ठगा जा चुका था। मन में खीज अथवा रोष तो होगा। पर सोनम वांगचुक पाकिस्तान के मंच पर सैकड़ों मीडिया और पाकिस्तानी मंत्रियों के सामने अपने प्रधानमंत्री की तारीफ करने से न चूके और सरकार ने इसी पाकिस्तानी विजिट के नाम पर इनका पाकिस्तानी कनेक्शन निकाल कर एनएसए लगाकर इन्हें देशद्रोही घोषित कर दिया। देश का कैसा दुर्भाग्य है कि जिसने अपना तमाम जीवन भारत के लोगों, बच्चों, छात्रों, किसानों, सैनिकों की भलाई के लिए खपा दिया, उसे देशद्रोही बना दिया गया। लेकिन अब सोनम वांगचुकआजाद हैं। सोनम वांगचुक को 170 दिन बाद जोधपुर जेल से रिहा कर दिया गया है। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) हटाने के साथ तत्काल उनकी हिरासत खत्म करने का निर्णय लिया था।

## बातचीत का माहौल बनाने के लिए फैसला लिया: सरकार

सरकार ने यह फैसला सुप्रीम कोर्ट में वांगचुक की याचिका पर अंतिम सुनवाई (17 मार्च) के दो दिन पहले लिया। कोर्ट सुनवाई के दौरान वे वीडियो और फोटो देखेगा, जिनके आधार पर सरकार ने उन पर NSA लगाया था। केंद्र सरकार ने कहा कि यह फैसला लद्दाख में शांति, स्थिरता और संवाद का माहौल बनाने के लिए लिया गया है। लद्दाख में विभिन्न समुदायों और नेताओं के साथ लगातार बातचीत की जा रही है। हड़ताल और विरोध प्रदर्शनों का असर छात्रों, नौकरी चाहने वालों, व्यापार, पर्यटन और स्थानीय अर्थव्यवस्था पर पड़ रहा था। क्षेत्र की चिंताओं को दूर करने के लिए हाई-पावर्ड कमेटी के जरिए बातचीत जारी रहेगी।

## हिंसा भड़काने के लगे थे आरोप

सोनम को 26 सितंबर 2025 को हिरासत में लिया गया था। उन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (एनएसए) लगाया गया था। 27 सितंबर 2025 को उन्हें लद्दाख से जोधपुर जेल भेज दिया गया था। तबसे वह यहीं थे। जानकारी के अनुसार एनएसए के तहत आरोपी को एक साल तक हिरासत में रखा जा सकता है, सोनम छह माह की अवधि हिरासत में बिता चुके थे। 24 सितंबर 2025 को लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल करने की मांगों को लेकर लेह में हिंसक प्रदर्शन हुआ था। इसमें 22 पुलिसकर्मियों सहित 45 से अधिक लोग घायल हो गए थे। सोनम पर आरोप था कि उनके उकसावे वाले भाषणों ने हिंसा को भड़काया था। उन्हें सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से लेह के जिला मजिस्ट्रेट के आदेश पर हिरासत में लिया गया था।

# नेशनल हाईवे पर सफर करना हुआ महंगा

- सरकार ने बढ़ाई वार्षिक टोल पास की फीस, 3000 से बढ़कर 3075 रुपये हुई फीस
- 1 अप्रैल से नई दरें होंगी लागू

एजेंसी । नई दिल्ली

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने नेशनल हाईवे पर सफर करने वाले वाहन चालकों के लिए वार्षिक टोल पास की कीमत बढ़ाने का फैसला किया है। नई दरें 1 अप्रैल 2026 से लागू होंगी, जिसके बाद वाहन चालकों को पहले से अधिक शुल्क देना पड़ेगा। एनएचएआई के अनुसार वार्षिक टोल पास की फीस 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दी गई है। यह नई दर वित्तीय वर्ष 2026-27 से लागू होगी और यह सुविधा केवल निजी (नॉन-कमर्शियल) वाहनों के लिए उपलब्ध है। यह वार्षिक पास उन्हीं वाहनों को मिलेगा जिनमें सक्रिय FASTag लगा हुआ है। पास सीधे फास्टैग से लिंक होता है, जिससे टोल प्लाजा पर भुगतान स्वचालित रूप से हो जाता है।

## 200 बार टोल पार करने तक मान्य

सरकार के नए नियमों के अनुसार 3075 रुपये का वार्षिक पास एक वर्ष तक या अधिकतम 200 बार टोल पार करने तक मान्य रहेगा। यदि कोई वाहन चालक 200 बार टोल पार कर लेता है, तो पास की वैधता समाप्त हो जाएगी, भले ही एक साल पूरा न हुआ हो।

### योजना की घोषणा पिछले वर्ष हुई थी

इस वार्षिक टोल पास योजना की घोषणा पिछले वर्ष 15 अगस्त को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने की थी। इस योजना के तहत निजी वाहन चालकों को औसतन करीब 15 रुपये प्रतिदिन की दर से टोल सुविधा देने का उद्देश्य रखा गया था। एनएचएआई ने सभी टोल प्लाजा और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया है कि 1 अप्रैल 2026 से नई दरें लागू कर दी जाएं!

## क्रायोजेनिक इंजन 'सीई20' का सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** भारत के अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने क्रायोजेनिक इंजन 'सीई20' का सफल परीक्षण किया। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने शनिवार को इस उपलब्धि के लिए इसरो को बधाई दी है।मंत्री ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि तमिलनाडु के महेंद्रगिरी में इसरो के प्रोपल्शन परिसर में 22 टन थ्रस्ट स्तर पर सीई 20 क्रायोजेनिक इंजन का सफल परीक्षण किया गया। इस परीक्षण में नोजल प्रोटेक्शन सिस्टम और मल्टी-एलिमेंट इग्नाइटर का इस्तेमाल किया गया, जो भारत की उन्नत क्रायोजेनिक प्रोपल्शन क्षमता को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसमें इंजन ने 165 सेकंड का काम किया और लगभग 22 टन थ्रस्ट उत्पन्न किया। सीई-20 इंजन एलवीएम-3 के ऊपरी चरण को शक्ति देता है और भारी उपग्रहों को ले जाने के लिए महत्वपूर्ण है।

# होर्मुज खुलवाने के लिए आगे आएं दुनिया के देश : ट्रंप

**वाशिंगटन।** ईरान से जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अमेरिका अन्य देशों के साथ मिलकर होर्मुज को खुला रखने के लिए युद्धपोत भेजेगा। ट्रंप ने शनिवार को ट्रूथ पर पोस्ट में ये बात कही। उन्होंने चीन, फ्रांस और जापान सहित अन्य देशों से होर्मुज में युद्धपोत भेजने की अपील की है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि चीन, फ्रांस, जापान, दक्षिण कोरिया और ब्रिटेन समेत अन्य देश जो इस समस्या से प्रभावित हैं वो इस क्षेत्र में अपने युद्धपोत भेजेंगे और रास्ता खुलवाने में अहम भूमिका निभाएंगे। अमेरिका के साथ मिलकर कई देश युद्धपोत भेजेंगे तो होर्मुज खुला रहेगा।

### किसी तरह खुलवा लेंगे रास्ता

ट्रंप ने कहा कि अमेरिकी युद्धपोत तट पर बमबारी करते रहेंगे और ईरानी पोत को निशाने पर लेते रहेंगे। अमेरिकी नौसेना ईरानी पोतों को पानी में डुबाने का सिलसिला जारी रखेगी। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि किसी तरह से हम जल्द ही होर्मुज को खुलवा लेंगे और ये रास्ता सुरक्षित रास्ता और स्वतंत्र होगा। मालूम हो अमेरिका लंबे समय से इस रास्ते को दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण तेल अवरोध बिंदु बताता रहा है।

-पेज 8 भी देखें

## ब्रीफ न्यूज़

### महापौर ने मीठी नदी को बताया 'भ्रष्टाचार का स्मारक'

**मुंबई।** मुंबई की महापौर और भाजपा नेता रितु तावडे ने फेसबुक के माध्यम से उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना पर कड़ा प्रहार किया है। मीठी नदी की दुर्दशा और उससे निकलने वाली दुर्गंध पर आक्रोश व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि नदी से निकलने वाली गैस कोई प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि पिछले 25 वर्षों से मुंबई की सत्ता पर काबिज रहे लोगों के भ्रष्टाचार का संचित कचरा है। उन्होंने आरोप लगाया कि वर्षों तक मुंबई पर राज करने वालों ने शहर के जल स्रोतों को 'गैस चैंबर' में तब्दील कर दिया है।

### 228 करोड़ के बैंक धोखाधड़ी मामले में अनिल अंबानी के बेटे से पूछताछ

मुंबई। देश की प्रमुख जांच एजेंसी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने 228 करोड़ रुपए के बैंक धोखाधड़ी मामले में उद्योगपति अनिल अंबानी के बेटे जय अनमोल अंबानी से शनिवार को दूसरे दिन फिर से पूछताछ की। सूत्रों के अनुसार, इस मामले में उनसे सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक, यानी करीब छह घंटे तक पूछताछ की गई। यह पूछताछ रिलायंस होम फाइनेंस लिमिटेड (आरएचएफएल) से जुड़े 228 करोड़ रुपए के कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में की गई है।

# महाराष्ट्र में एलपीजी की कमी नहीं : सीएम फडणवीस

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देवेंद्र फडणवीस ने शनिवार को चंद्रपुर में कहा कि महाराष्ट्र में एलपीजी गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस गैस की कमी को लेकर लोगों में दुष्प्रचार कर रही है। राज्य सरकार ने गैस सिलेंडर वितरण के लिए नए नियम भी जारी किए हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि महाराष्ट्र में घरेलू गैस की रोजाना मांग करीब 9,000 मीट्रिक टन है, जबकि उत्पादन बढ़ाकर 11,000 मीट्रिक टन कर दिया गया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और धैर्य बनाए रखें।

### केंद्र सरकार की नीतियों का जिक्र

फडणवीस ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण देश में गैस की आपूर्ति सुचारू बनी हुई है। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस राजनीतिक लाभ के लिए गैस की कमी की अफवाह फैला रही है। राज्य के खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री छगन भुजबल ने बताया कि मार्च महीने में पिछले छह महीनों की तुलना में अधिक गैस सिलेंडर उपलब्ध हुए हैं। उन्होंने कहा कि पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त भंडार है और रिफाइनरियां पूरी क्षमता से काम कर रही हैं।

### संस्थानों को 100 प्रतिशत गैस सप्लाई का आदेश

सरकार ने नए नियमों के तहत अस्पतालों, सरकारी आश्रम स्कूलों, हॉस्टलों, सरकारी कैंटीन, मिड-डे मील योजना और आंगनवाड़ी केंद्रों को 100 प्रतिशत गैस सप्लाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। इन संस्थानों को प्राथमिकता के आधार पर गैस उपलब्ध कराई जाएगी।

### जिला स्तर पर बनाई गई निगरानी समितियां

भुजबल ने बताया कि गैस सप्लाई चेन की निगरानी के लिए जिला कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जिला स्तर पर विशेष समितियां गठित की गई हैं। इन समितियों का उद्देश्य जरूरी सेवाओं को प्राथमिकता के साथ गैस आपूर्ति सुनिश्चित करना है।

ग्रैंड कमबैक | संजय गांधी नेशनल पार्क में दौड़ी मॉडर्न 'वन रानी' टॉय ट्रेन

# छुक छुक करती 'वन रानी' चली

**मुंबई।** संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में पर्यटकों के लिए लोकप्रिय 'वनराणी' मिनी ट्रेन सेवा एक बार फिर शुरू कर दी गई है। इस सेवा के शुरू होने से पार्क में आने वाले पर्यटकों, खासकर बच्चों के लिए एक बड़ा आकर्षण फिर से लौट आया है। 'वनराणी' मिनी ट्रेन सेवा का लोकार्पण केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और महाराष्ट्र के वन मंत्री गणेश नाइक ने किया। इस अवसर पर भाजपा नेता प्रवीण दरेकर, पूर्व सांसद गोपाल शेट्टी, विधायक मनीषा चौधरी और भाजपा नॉर्थ मुंबई अध्यक्ष दीपक (बाला) तावड़े सहित कई जनप्रतिनिधि, छात्र और नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### मुंबई का 'ऑक्सीजन प्लांट' माना जाता है पार्क

बोरीवली स्थित यह राष्ट्रीय उद्यान करीब 103 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है। इसे मुंबई का 'ऑक्सीजन प्लांट' भी कहा जाता है, क्योंकि यह महानगर के लिए एक विशाल प्राकृतिक जंगल के रूप में काम करता है और शहर के लगभग 15 से 20 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र को प्रभावित करता है।

### 1970 के दशक से रही है मुंबई की पहचान

"जंगल की रानी" के नाम से मशहूर यह टॉय ट्रेन 1970 के दशक से मुंबई की एक खास पहचान रही है। यह ट्रेन वर्षों से बच्चों और पर्यटकों को शहर के सबसे बड़े ग्रीन लंग के बीच हरियाली से भरी यादगार सैर कराती रही है। साल 2021 में आए चक्रवात तौकते के दौरान हुए भारी नुकसान के कारण टॉय ट्रेन सेवा बंद कर दी गई थी।

# गैस सिलेंडर की कालाबाजारी

**फ्लाइंग स्क्वाड ने मारा छापा, 84 सिलेंडर जब्त**

डीबीडी संवाददाता | भिवंडी

ठाणे राशन वितरण विभाग के 'एफ' जोन की फ्लाइंग स्क्वाड ने भिवंडी के वालपाड़ा स्थित वर्धमान टावर इलाके में शनिवार को अचानक छापेमारी कर अवैध रूप से जमा किए गए 84 गैस सिलेंडर जब्त किए। इस दौरान तीन टेम्पो भी जब्त किए गए और चालक सहित दो लोगों को हिरासत में लिया गया।

### गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी

राशन वितरण विभाग को सूचना मिली थी कि वर्धमान टावर क्षेत्र में बड़ी संख्या में घरेलू और व्यावसायिक गैस सिलेंडर जमा कर ऊंचे दामों पर बेचे जा रहे हैं। इसके बाद उप नियंत्रक प्रशांत काले के मार्गदर्शन में निरीक्षक भगवान खंडेराव, गणेश हरण और मनीष शास्त्री की टीम ने छापेमारी की।

### तीन कंपनियों के सिलेंडर बरामद

कार्रवाई के दौरान तीन टेम्पो में रखे 84 गैस सिलेंडर बरामद किए गए। इनमें भारत गैस, एचपी गैस और गो गैस कंपनियों के सिलेंडर शामिल हैं।

### घरेलू और व्यावसायिक दोनों सिलेंडर मिले

अधिकारियों के मुताबिक जब्त किए गए सिलेंडरों में घरेलू उपयोग के 14 किलो के सिलेंडर और व्यावसायिक उपयोग के 17, 19 और 21 किलो के सिलेंडर शामिल हैं। जांच में सामने आया है कि गैस की कमी की अफवाह के बीच इन सिलेंडरों को बाजार में 4,000 से 5,000 रुपये तक की ऊंची कीमत पर बेचा जा रहा था।

### युद्ध के माहौल में बढ़ी कालाबाजारी की आशंका

पश्चिम एशियाई देशों में जारी युद्ध के कारण ईंधन आपूर्ति को लेकर असमंजस का माहौल बना हुआ है। सोशल मीडिया पर गैस की कमी की खबरें फैलने से कुछ जगहों पर कालाबाजारी बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, जिसके चलते प्रशासन ने निगरानी तेज कर दी है।

### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कार्रवाई

इस मामले में टेम्पो चालक समेत दो लोगों को हिरासत में लिया गया है, जबकि सिलेंडर का मालिक फरार बताया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत मामला दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है। साथ ही फ्लाइंग स्क्वाड इस अवैध भंडारण नेटवर्क की आगे जांच कर रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### ट्रक से डीजल चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**उल्हासनगर।** उल्हासनगर-4 के विट्ठलवाड़ी पुलिस स्टेशन की सीमा में सड़क किनारे खड़े ट्रक से डीजल चोरी करने वाले एक शातिर चोर को पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए सलाखों के पीछे भेज दिया है। घटना शनिवार, 14 मार्च की रात करीब 2 बजे की है, जब बाबा प्राइम के सामने खड़ी एक आयशर गाड़ी (MH 04 HS 0745) के टैंक का लॉक तोड़कर अज्ञात चोरों ने 130 लीटर डीजल पार कर दिया था। गाड़ी के चालक भागवत वसंत देवरे की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए पुलिस उप निरीक्षक बी.आर. दराडे ने जांच शुरू की और कल्याण निवासी 24 वर्षीय आरोपी निलेश प्रभंजन खेरवाल को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (BNS) की धारा 303(2) और 3(5) के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### अवैध शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़, 32 लाख की शराब जब्त

**ठाणे।** महाराष्ट्र आबकारी विभाग ने ठाणे जिला में पिछले चार दिनों के दौरान बड़े पैमाने पर छापेमारी कर अंतरराज्यीय अवैध शराब तस्करी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में करीब 32 लाख रुपये मूल्य की अवैध शराब बरामद की गई है। राज्य आबकारी अधीक्षक प्रवीण तांबे के अनुसार 10 मार्च की रात भिवंडी में अधिकारियों ने दो चारपहिया वाहनों को रोककर जांच की। तलाशी के दौरान 20 लीटर क्षमता वाले 10 पीपे और व्हिस्की की करीब 2,000 बोतलें बरामद हुईं। मौके पर ही चार लोगों को हिरासत में लिया गया और 19.29 लाख रुपये का माल जब्त किया गया। प्रारंभिक जांच के बाद आबकारी टीम ने चावदार पाड़ा और कोंगांव क्षेत्रों में संदिग्ध खरीदारों और आपूर्तिकर्ताओं के ठिकानों पर छापेमारी की। यहां से शराब के पीपे और बड़ी संख्या में प्रीमियम व्हिस्की ब्रांड की खाली व भरी हुई बोतलें बरामद की गईं। जांच के दौरान अधिकारियों ने शराब की 'रीफिलिंग' करने वाले संगठित गिरोह का भी पर्दाफाश किया। आरोपी बड़े पीपों में शराब भरकर प्रीमियम ब्रांड की बोतलों में दोबारा भरकर बाजार में बेचते थे।

### जाति प्रमाण पत्र सत्यापन के लिए रिश्वत लेते महिला अधिकारी गिरफ्तार

**ठाणे:** शहर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जांच समिति की महिला अधिकारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के अनुसार, कोंकण प्रभाग की उपनिदेशक (अनुसंधान) मीनाक्षी एन. उन्हाले (46) को शिकायतकर्ता से 2.5 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया। यह कार्रवाई शुक्रवार को ठाणे के चराई इलाके में स्थित उनके कार्यालय में की गई, जिसकी आधिकारिक जानकारी शनिवार को साझा की गई। महिला अधिकारी पर आरोप है कि उन्होंने शिकायतकर्ता की पत्नी और बेटी के जाति सत्यापन संबंधी दस्तावेजों को मंजूरी देने के बदले इस भारी रकम की मांग की थी। अनुसूचित जनजाति प्रमाणपत्र जांच समिति का मुख्य कार्य जाति प्रमाणपत्रों की प्रामाणिकता की जांच करना होता है। दस्तावेजों को क्लियर करने के लिए रिश्वत मांगे जाने के बाद पीड़ित ने रायगढ़-अलीबाग एसीबी इकाई से संपर्क किया, जिसके बाद योजनाबद्ध तरीके से जाल बिछाकर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपाधीक्षक सरिता भोसले ने पुष्टि की है कि आरोपी मीनाक्षी उन्हाले के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

# दुकान की गुजराती साइनबोर्ड पर मनसे ने पोती कालिख

डीबीडी संवाददाता | भाईंदर

मीरा-भाईंदर के मीरा रोड इलाके में दुकान के नाम को लेकर एक बार फिर भाषाई विवाद गरमा गया है। यहाँ एक खाद्य विक्रेता द्वारा मराठी के बजाय सीधे गुजराती भाषा में बोर्ड (साइनबोर्ड) लगाने पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कार्यकर्ताओं ने कड़ा विरोध जताया है। शनिवार को मनसे कार्यकर्ताओं ने संबंधित दुकान की पाटी पर कालिख पोत दी और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

### मनसे का अल्टीमेटम

मामला मीरा रोड के अमर पैलेस इलाके का है, जहाँ अंडे से बने व्यंजन बेचने वाले एक दुकानदार ने अपनी दुकान का नाम 'सुरती घोटाला' रखा था और पूरा साइनबोर्ड गुजराती भाषा में लगाया था। मनसे पदाधिकारियों का दावा है कि उन्होंने इस संबंध में पहले ही मीरा-भाईंदर नगर निगम (MBMC) से शिकायत की थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर मनसे शहर अध्यक्ष संदीप राणे के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने खुद मोर्चा संभाला। राणे ने चेतावनी दी है कि महाराष्ट्र में दुकानों के नामफलक पर मराठी भाषा अनिवार्य होने का सरकारी नियम है, फिर भी इसकी अनदेखी की जा रही है। उन्होंने दुकानदार को तुरंत मराठी बोर्ड लगाने का इशारा देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने ऐसी शिकायतों पर गंभीरता नहीं दिखाई, तो मनसे अपने अंदाज में उग्र आंदोलन छेड़ेगी।

# फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़

## शेयर मार्केट में मुनाफे का लालच देकर करोड़ों की ठगी

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई पुलिस ने शेयर मार्केट में निवेश पर भारी मुनाफे का लालच देकर ठगी करने वाले एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। आर्थिक गुप्तवार्ता प्रकोष्ठ और साइबर पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जबकि एक आरोपी फरार बताया जा रहा है।

### महापे में चल रहा था कॉल सेंटर

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने महापे स्थित टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया में टेक्नोसिटी ग्रीन स्केप बिल्डिंग के दूसरे मंजिल पर ऑफिस नंबर 204 में छापा मारा। यहां "DG Share Market Research" नाम से कॉल सेंटर चलाया जा रहा था, जहां से लोगों को शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी की जा रही थी। छापेमारी के दौरान पुलिस को वहां 22 युवक-युवतियां कंप्यूटर के माध्यम से व्हाट्सएप ग्रुप और कॉल के जरिए लोगों से संपर्क करते मिले। ये लोग निवेशकों को Intraday Trading और Equity Stock Trading में ज्यादा रिटर्न का भरोसा देकर विभिन्न बैंक खातों में पैसे जमा करवाते थे।

### दो आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

इस मामले में पुलिस ने दिवा निवासी शिवम विनोदकुमार दुबे (29) और अंबरनाथ के सुजीत मसिचरण वाल्मीकि (30) को गिरफ्तार किया है। वहीं कोपरखैरने का सूरज दुबे फरार है और उसकी तलाश जारी है।

### एक करोड़ से अधिक की ठगी का खुलासा

जांच में सामने आया कि आरोपियों ने कंपनी और अन्य 18 बैंक खातों में पेमेंट लिंक के जरिए कुल 1 करोड़ 2 लाख 58 हजार 818 रुपये की ठगी की है। National Cyber Crime Reporting Portal (NCCRP) पर जांच करने पर देशभर से पांच साइबर ठगी की शिकायतें भी सामने आई हैं। पुलिस को आशंका है कि ठगी की रकम इससे भी अधिक हो सकती है।

### बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज

साइबर पुलिस थाने में इस मामले में अपराध क्रमांक 14/2026 के तहत बीएनएस की धारा 318(4), 319(2) और 61(2) के तहत मामला दर्ज किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों को 15 मार्च 2026 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। कार्रवाई पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे के निर्देश पर की गई।

# सरकारी जमीन पर भू-माफियाओं का कब्जा

**61 लाख की मिट्टी चोरी, मामला दर्ज**

डीबीडी संवाददाता | वसई

भिनार इलाके में सरकारी 'गायरान' (चारागाह) जमीन से अवैध रूप से मिट्टी उत्खनन और उसकी चोरी का एक बड़ा मामला सामने आया है। राजस्व विभाग ने इस पर कड़ी कार्रवाई करते हुए मांडवी पुलिस स्टेशन में दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। भू-माफियाओं ने सरकारी खजाने को चूना लगाने के लिए बड़े पैमाने पर खुदाई की थी, जिसका भंडाफोड़ राजस्व विभाग की सतर्कता से हुआ है।

### वसई तहसीलदार की पैनी नजर: विशेष टीमों का गठन

अवैध गौण खनिज (रेत, मिट्टी, पत्थर) के उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन अब बेहद सख्त रुख अपना रहा है। वसई के तहसीलदार दीपक गायकवाड ने बताया कि तहसील क्षेत्र में अवैध उत्खनन और ढुलाई पर कार्रवाई करने के लिए विशेष दस्तों और टीमों की नियुक्ति की गई है। इन्हीं टीमों के माध्यम से भिनार में इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया गया है और आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा। वसई-विरार शहर के विभिन्न हिस्सों में बिना रॉयल्टी (सरकारी शुल्क) चुकाए रेत, मिट्टी और पत्थरों की ढुलाई बड़े पैमाने पर जारी है। प्रशासन को सूचना मिली थी कि निर्माण कार्यों के लिए सरकारी संपदा की चोरी की जा रही है। इसी के तहत राजस्व विभाग ने विरार पूर्व के खार्डी इलाके में भी छापेमारी की, जहाँ बिना परमिट पत्थर ले जा रहे 4 ट्रकों को पकड़ा गया। इन ट्रकों में लगभग 16 ब्रास पत्थर लदे हुए थे, जिन्हें विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है।

### बिना अनुमति 3210 ब्रास मिट्टी की खुदाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मौजे भिनार स्थित सर्वे नंबर 43/26 की 18.65 हेक्टेयर जमीन सरकारी 'गुरुचरण' (चारागाह) के लिए आरक्षित है। 10 मार्च 2026 की तड़के माफियाओं ने राजस्व विभाग की किसी भी अनुमति के बिना इस जमीन से करीब 3,210 ब्रास मिट्टी का अवैध उत्खनन कर उसे चोरी कर लिया। राजस्व विभाग के अनुसार, चोरी की गई इस मिट्टी का सरकारी बाजार मूल्य लगभग 61 लाख 40 हजार रुपये आंका गया है।

### मांडवी पुलिस स्टेशन में दो लोगों पर FIR

भाताणे के ग्राम राजस्व अधिकारी अनिकेत नितिन कालेल (28) की शिकायत पर मांडवी पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस और राजस्व विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई में मिट्टी चोरी में इस्तेमाल किए गए दो जेसीबी और दो ट्रक भी जब्त किए गए हैं। जब्त किए गए इन वाहनों और मौके पर मौजूद मिट्टी सहित कुल मुद्देमाल की कीमत लगभग 30 लाख रुपये बताई जा रही है।

# गाड़ियां काटकर भंगार में बेचने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

**21 मामलों में था संलिप्त**

डीबीडी संवाददाता | वसई

वसई-विरार क्षेत्र में वाहन चोरी की बढ़ती वारदातों के बीच पेल्हार पुलिस स्टेशन की अपराध प्रकटीकरण शाखा ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने एक ऐसे शातिर चोर को गिरफ्तार किया है जो न केवल वाहन चुराता था, बल्कि उन्हें ग्राइंडर मशीन से काटकर उनके पुर्जे भंगार (कबाड़) में बेच देता था। गिरफ्तार आरोपी की पहचान प्रदीप सोमनाथ बनर्जी (46) के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया है कि इस आरोपी पर पहले से ही चोरी और सेंधमारी जैसे करीब 21 गंभीर मामले दर्ज हैं।

### ग्राइंडर से काटकर ठिकाने लगाता था सबूत

हाल ही में वसई तुंगारेश्वर रोड स्थित मंगलमूर्ति अपार्टमेंट से पूजा डामोर नामक महिला की स्कूटी चोरी हुई थी, जिसकी शिकायत पेल्हार पुलिस में दर्ज की गई थी। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सचिन कांबळे के आदेश पर सहायक पुलिस निरीक्षक रमेश वाघचौरे और उनकी टीम ने तकनीकी जांच और खुफिया जानकारी के आधार पर वाघराल पाडा इलाके से प्रदीप को हिरासत में लिया।

### मुंबई और वसई के कई मामले उजागर

जांच में यह भी पता चला है कि आरोपी प्रदीप बनर्जी ने केवल वसई ही नहीं, बल्कि मुंबई के कांदिवली इलाके से भी दोपहिया वाहन चोरी किए थे। इस गिरफ्तारी से मुंबई के समता नगर पुलिस स्टेशन और वसई के पेल्हार पुलिस स्टेशन में दर्ज चोरी के कई मामले सुलझ गए हैं। आरोपी एक आदतन अपराधी है और वह पुलिस की आंखों में धूल झोंकने के लिए चोरी के तुरंत बाद गाड़ियों का स्वरूप बदल देता था। इस सफल ऑपरेशन को अंजाम देने वाली टीम में योगेश देशमुख, तानाजी चव्हाण, वाल्मीक पाटील और अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

**ठाणे में विकास परियोजनाओं पर सवाल**

# टेंडर तो जारी हुए पर कई प्रोजेक्ट अधूरे

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

एकनाथ शिंदे के मुख्यमंत्री बनने के बाद एमएमआरडीए के माध्यम से ठाणे और आसपास के क्षेत्रों में विकास कार्यों के लिए हजारों करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट मंजूर किए गए। इन परियोजनाओं के तहत ठाणे, भिवंडी, कल्याण, डोंबिवली, उल्हासनगर, अंबरनाथ, नवी मुंबई, रायगढ़ और पालघर में बड़े पैमाने पर विकास कार्यों की घोषणा की गई। आरोप है कि कई परियोजनाओं के लिए ज़मीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी होने से पहले ही टेंडर जारी कर दिए गए और करोड़ों रुपये खर्च भी किए गए। लेकिन सही योजना और ज़मीन अधिग्रहण में देरी के कारण कई प्रोजेक्ट अभी भी अधूरे पड़े हैं।

### ठाणे–बोरीवली डबल टनल प्रोजेक्ट चर्चा में

इन परियोजनाओं में सबसे बड़ा प्रोजेक्ट ठाणे–बोरीवली डबल टनल प्रोजेक्ट है, जिसे एमएमआरडीए बना रहा है। लगभग 11.8 किलोमीटर लंबा यह अंडरग्राउंड टनल घोड़बंदर रोड को सीधे वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे से जोड़ेगा, जिससे ठाणे से बोरीवली का 23 किलोमीटर का सफर 60–90 मिनट के बजाय करीब 15 मिनट में पूरा हो सकेगा। टनल प्रोजेक्ट के निर्माण के लिए बड़े पैमाने पर मिट्टी की खुदाई की जा रही है। इसके कारण आसपास के इलाकों में धूल का स्तर काफी बढ़ गया है, जिससे स्थानीय नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### स्थानीय जमीन मालिकों को भुगतान में दिक्कत

सूत्रों के अनुसार जिन नेताओं की जमीन अधिग्रहित की गई, उन्हें उचित मुआवजा मिला, लेकिन स्थानीय जमीन मालिकों को अपना बकाया प्राप्त करने के लिए काफी प्रयास करने पड़ रहे हैं। इससे प्रभावित लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।

# तुर्भे में पुलिस का बड़ा कॉम्बिंग ऑपरेशन

**24 आरोपियों पर कार्रवाई**

डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई

नवी मुंबई पुलिस ने तुर्भे पुलिस स्टेशन क्षेत्र में विशेष कॉम्बिंग ऑपरेशन चलाकर अवैध गतिविधियों पर बड़ी कार्रवाई की। इस अभियान के दौरान 24 आरोपियों के खिलाफ विभिन्न मामलों में कार्रवाई की गई, जबकि दो बांग्लादेशी नागरिकों को हिरासत में लिया गया। साथ ही करीब 13 लाख रुपये से अधिक मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और पान मसाला भी जब्त किया गया।

### जीरो टॉलरेंस नीति के तहत अभियान

यह विशेष अभियान पुलिस आयुक्त मिलिंद भारंबे और पुलिस उपायुक्त (परिमंडल-1) पंकज डहाणे के निर्देश पर चलाया गया। ऑपरेशन में सात पुलिस थानों से 3 पुलिस निरीक्षक, 21 अधिकारी और 147 पुलिसकर्मियों ने भाग लिया।

### 13 लाख का गुटखा जब्त, दो महिलाएं मुक्त

पुलिस ने अवैध गुटखा बिक्री और भंडारण के दो मामलों में कार्रवाई करते हुए 13,37,079 रुपये मूल्य का प्रतिबंधित गुटखा और पान मसाला जब्त किया। इसके अलावा देह व्यापार में फंसी दो महिलाओं को भी मुक्त कराया गया। यह कार्रवाई सहायक पुलिस आयुक्त आदिनाथ बुधवंत के मार्गदर्शन में वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक आबासाहेब पाटील, पुलिस निरीक्षक सतीश चाबुकस्वार तथा परिमंडल-1, परिमंडल-2 और पुलिस मुख्यालय की संयुक्त टीम ने की। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध धंधों के खिलाफ ऐसे कॉम्बिंग ऑपरेशन आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

### कई इलाकों में एक साथ छापेमारी

कॉम्बिंग ऑपरेशन तुर्भे स्टोर, इंदिरानगर, महापे, खैरणे, शिरवणे और एमआईडीसी टीटीसी इंडस्ट्रियल एरिया सहित आसपास के क्षेत्रों में चलाया गया। पुलिस ने नशे का कारोबार, अवैध शराब बिक्री और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों में शामिल लोगों पर एक साथ छापेमारी की। अभियान के दौरान 95 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 27 वाहनों पर कार्रवाई की गई। साथ ही 157 फरार आरोपियों की जांच और 18 होटल व लॉज की तलाशी ली गई, जिसमें धारा 285 के तहत 6 मामले दर्ज किए गए।

# रंगदारी मांगने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**व्यापारी से 2 लाख रुपये लेते समय पकड़े गए**

डीबीडी संवाददाता | ठाणे

क्राइम ब्रांच यूनिट-5 ने एक व्यापारी से रंगदारी मांगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने शहर के एक मिठाई दुकान मालिक से 5 लाख रुपये की मांग की थी और 2 लाख रुपये लेते समय पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया। पुलिस के अनुसार आरोपियों ने गौरव स्वीट्स के मालिक को धमकाकर 5 लाख रुपये की रंगदारी मांगी थी। इसकी शिकायत मिलने के बाद क्राइम ब्रांच ने मामले की जांच शुरू की और आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया।

### चितलसर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज

इस मामले में चितलसर पुलिस स्टेशन में भारतीय दंड संहिता की धारा 308(2) और 3(5) के तहत केस दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों को 16 मार्च 2026 तक पुलिस हिरासत में भेजा गया है। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) डॉ. पंजाबराव उगले, पुलिस उपायुक्त पराग मनेरे और सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागड़े के मार्गदर्शन में की गई। मामले की आगे की जांच सब-इंस्पेक्टर पल्लवी धागेपाटिल कर रही हैं।

### वसंत विहार स्कूल के पास जाल बिछाया

क्राइम ब्रांच यूनिट-5 ने वसंत विहार स्कूल के सामने चौक पर जाल बिछाया। 13 मार्च 2026 को जैसे ही आरोपी व्यापारी से 2 लाख रुपये लेने पहुंचे, पुलिस टीम ने उन्हें मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सुशांत संजय सुर्वे (30) और अक्षय जयंत करंजावकर (35) के रूप में हुई है। दोनों ठाणे के निवासी बताए जा रहे हैं और खुद को बिजनेस एजेंट बताते थे।

## कुरार गांव में तेंदुए के हमले में दो लोग घायल

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मालाड स्थित कुरार गांव इलाके में शनिवार सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक तेंदुए ने दो स्थानीय निवासियों पर जानलेवा हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस और वन विभाग के अनुसार, दोनों पीड़ित सुबह पानी भरने के लिए बाहर निकले थे, तभी घात लगाकर बैठे तेंदुए ने उन पर हमला बोल दिया; पीड़ितों के शोर मचाने पर जमा हुई भीड़ को देखकर तेंदुआ पास ही झाड़ियों में छिप गया। घटना की सूचना मिलते ही डॉ. निखिल बांगर के नेतृत्व में वन विभाग की टीम मौके पर पहुँची और सटीक कार्रवाई करते हुए तेंदुए को बेहोश कर सुरक्षित पकड़ लिया। वर्तमान में दोनों घायलों का इलाज शताब्दी अस्पताल में चल रहा है, जबकि वन विभाग तेंदुए को रेस्क्यू कर आगे की प्रक्रिया पूरी कर रहा है।

# मुंबई एयरपोर्ट पर 3 करोड़ के डॉलर, पाउंड और हीरे जब्त

**हवाला ऑपरेटर और हैंडलर सहित 6 लोगों को किया गया गिरफ्तार**

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

देश की आर्थिक सुरक्षा को मजबूत करने और अवैध तस्करी के नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में डीआरआई (राजस्व खुफिया निदेशालय ) डीआरआई मुंबई को बड़ी कामयाबी मिली है। विदेशी मुद्रा और हीरे के तस्करों को एक बड़ा झटका देते हुए, DRI ने मुंबई एयरपोर्ट पर 3 करोड़ रुपएके डॉलर, पाउंड और हीरे ज़ब्त किए। पहचान से बचने के लिए, मुद्रा और हीरों को हैंडबैग में बनी नकली जगहों में बड़ी चालाकी से छिपाया गया था। इस मामले में विभाग ने एक बड़े सिंडिकेट का पर्दाफाश करते हुए हवाला ऑपरेटर और हैंडलर सहित कुल 6 लोगों को गिरफ्तार किया है।

डीआरआई ने यह कार्रवाई खुफिया सूचना के आधार पर की। उसे यह जानकारी मिली थी कुछ यात्री बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा और हीरे देश से बाहर ले जाने की फिराक में है। इस जानकारी के आधार पर डीआरई की टीम अलर्ट हो गई। अधिकारियों ने मुंबई इनटरनेशनल एयरपोर्ट पर जाल बिछा दिया। जानकारी के मुताबिक DRI अधिकारियों ने हवाई अड्डे पर 4 यात्रियों को तब रोका, जब वे अपनी अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में सवार होने वाले थे। उनके सामान की विस्तृत जांच की गई। जांच के दौरान पाउंड स्टर्लिंग (GBP) और US डॉलर (USD) सहित विभिन्न मूल्यवर्ग की विदेशी मुद्रा बरामद की गई, जिसका कुल अनुमानित मूल्य 1.93 करोड़ रुपएहै।

### हीरों की 53 थैलियां

विदेशी मुद्रा के अलावा, यात्रियों द्वारा ले जाए जा रहे सामान में 1.10 करोड़ रुपएके हीरों की 53 छोटी थैलियां भी छिपी हुई मिलीं। यात्रियों ने न तो उक्त विदेशी मुद्रा और हीरों के बारे में सीमा शुल्क विभाग को जानकारी दी थी, और न ही वे इतनी बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा और हीरों के निर्यात की अनुमति देने वाले कोई वैध दस्तावेज़ या प्राधिकरण प्रस्तुत कर सके।

### हवाला ऑपरेटर को भी पकड़ा

इसके बाद बरामद विदेशी मुद्रा और हीरों को ज़ब्त कर लिया गया। वहीं आगे एक्शन लेते हुए उस हवाला ऑपरेटर को भी रोका गया जिसने विदेशी मुद्रा का इंतज़ाम किया था, और उस व्यक्ति को भी जिसने इसे उक्त यात्रियों तक पहुंचाया था। उक्त सभी छह लोगों को सीमा शुल्क अधिनियम, 1962 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत गिरफ़्तार किया गया।

**अजीत पवार विमान हादसा**

# हाई कोर्ट में याचिका दाखिल, साजिश की जांच की मांग

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार के साथ हुए कथित विमान हादसे के मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। 'भ्रष्टाचार के खिलाफ भारत' संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष हेमंत पाटिल ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक जनहित याचिका (PIL) दाखिल कर इस पूरी घटना की उच्च स्तरीय जांच की मांग की है। याचिका में संबंधित विमान कंपनी और इस हादसे के लिए जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और एफआईआर (FIR) दर्ज करने का आग्रह किया गया है। याचिकाकर्ता का तर्क है कि यह हादसा केवल एक तकनीकी विफलता थी या इसके पीछे कोई सोची-समझी साजिश, इसे सार्वजनिक किया जाना बेहद जरूरी है।

याचिका के माध्यम से अदालत से यह मांग की गई है कि बारामती पुलिस को इस घटना के पीछे के असली कारणों को खोजने के लिए एक गंभीर और विस्तृत जांच करने के आदेश दिए जाएं। हेमंत पाटिल का कहना है कि जांच रिपोर्ट को समय सीमा के भीतर अदालत के समक्ष पेश किया जाना चाहिए ताकि पारदर्शिता बनी रहे। याचिका में इस बात पर जोर दिया गया है कि राज्य के एक प्रमुख संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति की सुरक्षा में हुई इस तरह की चूक को हल्के में नहीं लिया जा सकता और एयरलाइन प्रबंधन की जवाबदेही तय होना आवश्यक है।

### पुराने हादसों का हवाला और कार्रवाई में भेदभाव का आरोप

इस जनहित याचिका में 28 जून 2018 को मुंबई के घाटकोपर में हुए भयानक चार्टर विमान हादसे का भी संदर्भ दिया गया है, जिसमें पायलट सहित चार लोगों की मृत्यु हो गई थी। याचिकाकर्ता ने दावा किया है कि जहां पिछले हादसों में तत्काल जांच और कानूनी प्रक्रिया शुरू की गई थी, वहीं अजीत पवार से जुड़ी इस घटना में एयरलाइन कंपनी या उसके मालिकों के खिलाफ अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। याचिका में इसी विसंगति पर सवाल उठाते हुए मांग की गई है कि कानून सभी के लिए समान होना चाहिए और सुरक्षा मानकों की अनदेखी करने वाली कंपनी पर मामला दर्ज हो।

# पत्रकारिता के लिए खतरा नहीं, अवसर है एआई : बृजेश सिंह

धीरज सिंह । मुंबई

मुंबई में आयोजित 'एआई परिषद 2026' में महाराष्ट्र शासन के सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय के प्रधान सचिव व महासंचालक बृजेश सिंह ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को खतरे के रूप में देखने के बजाय पत्रकारों को इसे अपने कौशल को निखारने के अवसर के रूप में अपनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य की खोज और समाज का विश्वास पत्रकारिता की सबसे बड़ी पूंजी है, जिसे एआई कभी हासिल नहीं कर सकता। मुंबई मराठी पत्रकार संघ में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में सिंह ने कहा कि जिस तरह छपाई तकनीक और दूरदर्शन के आगमन से मीडिया का अंत नहीं हुआ, उसी तरह एआई भी पत्रकारिता को समाप्त नहीं करेगा। हालांकि जिन कार्यों को स्वचालित किया जा सकता है, वे अब एआई की मदद से होंगे, जिससे पत्रकारिता का स्वरूप जरूर बदलेगा।

उन्होंने कहा कि दुनिया में अब

'वन-मैन न्यूज़रूम' की अवधारणा सामने आ रही है, जहां समाचार संकलन से लेकर प्रकाशन तक का काम एआई की सहायता से किया जा रहा है। इससे मीडिया संस्थानों के काम करने के तरीके में बड़ा बदलाव आ सकता है। बृजेश सिंह ने कहा कि पत्रकारों की नौकरी एआई नहीं, बल्कि एआई सीखने वाला व्यक्ति ले सकता है। इसी को ध्यान में रखते हुए सूचना एवं जनसंपर्क महासंचालनालय जल्द ही पत्रकारों के लिए 'AI in Journalism' नामक प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम शुरू करने जा रहा है, ताकि वे बदलते तकनीकी दौर में खुद को अपडेट रख सकें।

### डीपफेक से निपटने की तैयारी

एआई के बढ़ते उपयोग के साथ डीपफेक जैसी चुनौतियां भी सामने आई हैं। इससे निपटने के लिए विभाग ने एआई आधारित फैक्ट-चेक प्रणाली शुरू की है। साथ ही 'प्रोवेनेन्स तकनीक' के जरिए तस्वीरों और वीडियो में डिजिटल हस्ताक्षर जोड़े जा रहे हैं, जिससे उनकी प्रामाणिकता की जांच की जा सके।

### भारतीय भाषाओं के सामने बड़ी चुनौती

सिंह ने कहा कि एआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती भारतीय भाषाओं और संस्कृति को समझना है। अधिकांश एआई मॉडल पश्चिमी डेटा पर आधारित हैं, जिसके कारण वे मराठी जैसी भारतीय भाषाओं के संदर्भों को पूरी तरह समझ नहीं पाते। इसके लिए भारत को अपना स्वतंत्र डेटा और एआई मॉडल विकसित करने की आवश्यकता है।

### सरकारी सूचनाओं में भी एआई का उपयोग

उन्होंने बताया कि सरकारी सूचनाओं के प्रसार में भी एआई का इस्तेमाल शुरू हो गया है। इसकी मदद से खबरें अब रियल-टाइम में कई भाषाओं में लोगों तक पहुंचाई जा रही हैं।

# मुंबई पुलिस ने अंतर-राज्यीय चोरी गिरोह का किया भंडाफोड़

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

मुंबई पुलिस ने एम.आर.ए. मार्ग पुलिस स्टेशन के तहत एक बड़ा ऑपरेशन चलाकर घरेलू चोरी करने वाले अंतर-राज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने इस कार्रवाई में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, एमआरए मार्ग पुलिस की टीम ने विशेष अभियान के तहत करीब 10 दिनों तक बिहार और पश्चिम बंगाल की सीमा पर गुप्त रूप से डेरा डालकर जांच की।

लंबी निगरानी और खुफिया जानकारी के आधार पर आखिरकार गिरोह के चार सदस्यों को पकड़ने में सफलता मिली। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 25 लाख रुपएकी चोरी की गई संपत्ति बरामद की है। इसमें सोना, चांदी, नकदी, इलेक्ट्रॉनिक्स और अन्य कीमती सामान शामिल हैं, जिन्हें आरोपी अलग-अलग जगहों से चोरी कर ले गए थे। पुलिस जांच में इस गिरोह से जुड़े कम से कम सात घरफोड़ चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है। ये घटनाएं मुख्य रूप से मुंबई के विभिन्न इलाकों में हुई थीं, जहां आरोपी रात के समय या घर खाली होने पर सेंधमारी करते थे।

### 10 दिन बिहार-बंगाल सीमा पर गुप्त अभियान चलाकर चार आरोपियों की गिरफ्तार की

### रेकी कर करते थे चोरी

पुलिस सूत्रों के मुताबिक गिरोह के सदस्य पेशेवर तरीके से काम करते थे। वे पहले घरों की रेकी करते, फिर ताले तोड़कर या खिड़कियों से अंदर घुसकर चोरी को अंजाम देते थे और बाद में चोरी का सामान जल्दी बेच देते थे।

### अपराध कर वापस लौट जाते थे आरोपी

गिरोह के सदस्य मुख्य रूप से बिहार और पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती इलाकों के रहने वाले बताए जा रहे हैं। वे मुंबई जैसे बड़े शहर में चोरी की वारदात करने के बाद तुरंत अपने राज्यों में लौट जाते थे। गिरफ्तार आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है, ताकि गिरोह के अन्य सदस्यों और चोरी के और मामलों का पता लगाया जा सके।

# मुंबई के रेलवे स्टेशनों पर हाई अलर्ट

- गुड़ी पड़वा और ईद के मद्देनजर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

आगामी त्योहारों गुड़ी पड़वा (19 मार्च) और रमजान ईद (21 मार्च) के अवसर पर मुंबई के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए रेलवे पुलिस और आरपीएफ ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी है। मध्य और पश्चिम रेलवे के संवेदनशील स्टेशनों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है। त्योहारों के उत्साह के साथ-साथ वर्तमान वैश्विक और राजनीतिक स्थितियों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए पूरी तरह मुस्तैद है। पश्चिम एशिया (खाड़ी देशों) में जारी युद्ध के कारण मुंबई में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की भारी किल्लत हो गई है, जिससे कई होटल और रेस्तरां बंद हो रहे हैं। भविष्य में स्थिति और बिगड़ने की आशंका के चलते बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूर अपने गांवों की ओर पलायन कर रहे हैं। स्टेशनों पर बढ़ती इस अप्रत्याशित भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने स्टेशन प्रबंधकों और कर्मचारियों के साथ बैठकें की हैं। प्रवेश द्वारों, टिकट खिड़कियों और पार्किंग क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखी जा रही है।

### सीसीटीवी और डॉग स्क्वायड के जरिए संदिग्धों पर नजर

सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीसीटीवी कैमरों के जरिए हर संदिग्ध हलचल पर नजर रखी जा रही है। बम निरोधक दस्ता (BDDS) और श्वान पथक (Dog Squad) नियमित रूप से तलाशी अभियान चला रहे हैं। इसके अलावा, प्लेटफॉर्म पर काम करने वाले कुलियों, सफाई कर्मचारियों और जूता पॉलिश करने वालों को विशेष सुरक्षा प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे किसी भी लावारिस बैग या संदिग्ध व्यक्ति की सूचना तुरंत पुलिस को दे सकें।

# भांडुप और गोवंडी में लगी आग, कोई हताहत नहीं

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

शनिवार सुबह दो अलग-अलग इलाकों भांडुप और गोवंडी में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। हालांकि फायर ब्रिगेड की त्वरित कार्रवाई से आग पर जल्द ही काबू पा लिया गया और किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

मुंबई नगर निगम के अनुसार भांडुप स्टेशन रोड (पश्चिम) पर ड्रीम्स मॉल के पास कुछ दुकानों में अचानक आग लग गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है। भांडुप

पुलिस स्टेशन की टीम आग लगने के कारणों की जांच कर रही है।

इसी तरह न्यू गौतम नगर में कुबा मस्जिद के पास पी.एल. लोखंडे मार्ग स्थित चेंबूर जनता मार्केट के एक लकड़ी के गोदाम में आग लग गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। इस घटना में भी कोई हताहत नहीं हुआ है। गोवंडी पुलिस स्टेशन मामले की आगे जांच कर रहा है।

# मानसून के दौरान 24 दिन 'हाई-टाइड' का खतरा

डीबीडी संवाददाता । मुंबई

इस साल मानसून के दौरान समुद्र में 24 दिन हाई-टाइड (ज्वार) आने की संभावना है, जिससे भारी बारिश के दौरान शहर में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है। आपदा प्रबंधन अधिकारियों के अनुसार, 4.5 मीटर से अधिक ऊंची लहरों को खतरनाक माना जाता है, और इस सीजन की सबसे ऊंची लहर 19 जुलाई को दोपहर 1:36 बजे आने की उम्मीद है, जिसकी ऊंचाई 4.89 मीटर तक पहुंच सकती है। यदि इन तारीखों पर भारी बारिश होती है, तो शहर का ड्रेनेज सिस्टम दबाव में आ सकता है और निचले इलाकों में गंभीर जलजमाव हो सकता है।



### जलभराव का जोखिम

प्राधिकरण ने जून से सितंबर के बीच कई महत्वपूर्ण हाई-टाइड अवधियों की पहचान की है। इसमें 14-19 जून, 13-18 जुलाई, 12-16 अगस्त, 10-13 सितंबर और 28-30 सितंबर शामिल हैं, जब लहरों की ऊंचाई लगातार 4.5 मीटर से ऊपर रहेगी। नगर निकाय (BMC) के अधिकारियों का कहना है कि जब भारी बारिश और हाई-टाइड एक साथ होते हैं, तो समुद्र के पानी को शहर में घुसने से रोकने के लिए फ्लडगेट्स बंद कर दिए जाते हैं, जिससे बारिश के पानी की निकासी रुक जाती है और निचले इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति बन जाती है। संभावित खतरों को देखते हुए मुंबई फायर ब्रिगेड और NDRF जैसी आपातकालीन एजेंसियों को हाई-अलर्ट पर रखा गया है। हाई-टाइड के दिनों में समुद्र तटों पर नागरिकों की आवाजाही प्रतिबंधित की जा सकती है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को टाला जा सके।

# 'अफवाह फैलाने वाले संजय राउत की 'गटरगंगा' राष्ट्रीय आपदा'

- भाजपा के मुख्य प्रवक्ता नवनाथ बन का तीखा हमला

देवेंद्रनाथ जैस्वार । मुंबई

भारतीय जनता पार्टी के मुख्य प्रवक्ता नवनाथ बन ने शनिवार को मुंबई में आयोजित पत्रकार परिषद में संजय राउत पर तीखा ह मला बोला। उन्होंने कहा कि राउत अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस के जरिए देश में अफवाह फैलाकर अराजकता का

माहौल बनाने की कोशिश करते हैं। नवनाथ बन ने कहा कि राउत जब भी बोलते हैं तो देश के खिलाफ बयानबाजी करते हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि संजय राउत की 'गटरगंगा' को राष्ट्रीय आपदा घोषित किया जाना चाहिए, क्योंकि उनके बयान से देश की छवि खराब होती है। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि राउत लगातार घरेलू गैस सिलेंडर की कमी को लेकर झूठी खबरें फैला रहे हैं। उन्होंने कहा कि शहरों में बुकिंग के बाद 25 दिनों के भीतर लोगों को गैस सिलेंडर की डिलीवरी मिल रही है और कहीं भी व्यापक कमी नहीं है। बन ने कहा कि कुछ स्थानों पर गैस की सीमित समस्या सामने आई है, जो मुख्य रूप से वितरकों द्वारा की गई जमाखोरी के कारण है। उन्होंने कहा कि इस मामले में केंद्र और राज्य सरकार पूरी तरह सतर्क हैं और जमाखोरों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

### कांग्रेस और विपक्ष पर आरोप

नवनाथ बन ने कहा कि राहुल गांधी, कांग्रेस और विपक्ष के कुछ नेता गैस की कमी को लेकर झूठी जानकारी फैलाकर जनता में असंतोष पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। भाजपा इस मुद्दे पर देशभर में विरोध प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर गैस सिलेंडरों की जमाखोरी कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ केंद्र और राज्य सरकार सख्त कार्रवाई कर रही है और आगे भी करेगी। नवनाथ बन ने यह भी आरोप लगाया कि संजय राउत आदित्य ठाकरे को बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं।

**पश्चिम रेलवे**
**शुद्धिपत्र**
निविदा सूचना **Tender No.: W641-22-23-06C (E-434312)** के संबंध में सूचित किया जाता है कि निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 17.03.2026 को 11:00 बजे के स्थान पर **31.03.2026 को 11:00 बजे** पढ़ा जाए। **निविदा की अन्य सभी शर्तें एवं नियम पूर्ववत यथावत रहेंगे।** 1217
Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**टीआरडी कार्य**
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (टीआरडी) Western Railway, मुंबई सेंट्रल, मुंबई -400008 **ई-निविदा सूचना संख्या: WR-MMCTOESUB(ESOT)/5/2026 दिनांक: 10.03.2026** आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम: चर्चगेट – विरार सेक्शन में विले पार्ले, सांताक्रूज, खार रोड तथा बांद्रा स्टेशनों पर 15-कार ईएमयू ट्रेनों को समायोजित करने के लिए UPL एवं DNL प्लेटफॉर्म के विस्तार के संबंध में टीआरडी कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹2,29,46,670/-, **बिड सुरक्षा :** ₹2,64,700/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:30 बजे, विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1215
Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), पश्चिम रेलवे, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008. **क्रमांक 1-ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/336, दिनांक 09.03.2026** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थान:** विरार – जोरावासन सेक्शन में दहानू रोड के ADEN के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत पालघर, उम्बरगांव और बोईसर में प्रत्येक स्थान पर 50 KLD क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट की व्यवस्था। **अनुमानित लागत:** ₹4,42,54,042.27, **बयाना राशि (EMD):** ₹3,71,300/-, **क्रमांक 2 ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/337, दिनांक 09.03.2026, कार्य एवं स्थान:** विरार – जोरावासन सेक्शन में वलसाड में 25 मीटर की 1 संख्या पिट लाइन तथा 1 संख्या टॉवर वैगन शेड (30 मीटर × 9 मीटर × 15 मीटर) का प्रावधान। **अनुमानित लागत:** ₹93,52,977.26, **बयाना राशि (EMD):** ₹1,87,100/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:30 बजे, विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1209
Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**निगरानी एवं संचालन कार्य**
वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (पावर) Western Railway, मुंबई सेंट्रल **ई-निविदा संख्या: EL-Maint-166-138-WA-18, दिनांक 11.03.2026, आमंत्रित करते हैं। (टू पैकेट सिस्टम), कार्य एवं स्थान:** मुंबई मंडल में विभिन्न स्टेशनों पर एस्केलेटर एवं लिफ्टों की 01 वर्ष की अवधि के लिए निगरानी एवं संचालन कार्य। **अनुमानित लागत:** ₹3,62,63,760/-, **बयाना राशि :** ₹3,31,300/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 10.04.2026 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि व समय:** 10.04.2026 को 15:30 बजे, विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1223
Like us on: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**विभिन्न कार्य**
मंडल रेल प्रबंधक (कार्य), Western Railway, 6वीं मंजिल, इंजीनियरिंग विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 **ई-निविदा सूचना संख्या: BCT/25-26/341 दिनांक: 10.03.2026** आमंत्रित करते हैं। **कार्य एवं स्थान:** अंधेरी – बांद्रा सेक्शन में स्लो कॉरिडोर पर 15 कार ईएमयू को समायोजित करने हेतु विले पार्ले, सांताक्रूज, खार तथा बांद्रा स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म के विस्तार का कार्य (कॉम्पोजिट टेंडर)। **अनुमानित लागत:** ₹13,89,45,797.48, **बयाना राशि (EMD):** ₹8,44,700/-, **निविदा जमा करने की अंतिम तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:00 बजे तक, **निविदा खोलने की तिथि व समय:** 07.04.2026 को 15:30 बजे, विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें। 1221
Like us on: facebook.com/WesternRly

संपादकीय

# सोनम वांगचुक की रिहाई के मायने

सोनम वांगचुक, एक ऐसा नाम जो लद्दाख की विषम परिस्थितियों में उम्मीद की किरण बनकर उभरा है, अंततः हिरासत से बाहर आ गए हैं। उनकी रिहाई महज एक प्रशासनिक निर्णय नहीं है, बल्कि यह उस व्यापक जन-असंतोष और न्यायपालिका की उस सतर्कता का परिणाम है, जिसने सत्ता के गलियारों को यह सोचने पर मजबूर कर दिया कि लोकतंत्र में संवाद ही एकमात्र रास्ता है। सोनम वांगचुक ने जब से लद्दाख को संविधान की छठी अनुसूची के अंतर्गत लाने और पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने की मांग उठाई, तब से वे लद्दाख के स्वाभिमान का चेहरा बन गए। उन्हें गिरफ्तार कर जोधपुर जेल भेजना सरकार का एक कड़ा संदेश माना गया था, लेकिन जनता की प्रतिक्रिया इसके बिल्कुल विपरीत रही। लद्दाख ही नहीं, बल्कि पूरे देश में वांगचुक के लिए समर्थन उमड़ पड़ा। युवाओं, पर्यावरणविदों और आम नागरिकों ने यह महसूस किया कि यदि एक शांतिप्रिय और रचनात्मक कार्यकर्ता के साथ ऐसा बर्ताव हो सकता है, तो यह लोकतांत्रिक मर्यादाओं के लिए एक चेतावनी है। सोशल मीडिया से लेकर सड़कों तक, यह असंतोष स्पष्ट था कि सरकार एक 'नवाचार के मसीहा' की आवाज को दबा नहीं सकती। जन-असंतोष का यह दबाव इतना प्रभावी था कि सरकार के लिए इस स्थिति को और अधिक खींचना लद्दाख में और भी बड़ी अस्थिरता को न्योता देना होता। इस पूरे प्रकरण में सर्वोच्च न्यायालय की भूमिका 'वॉचडॉग' की रही। कोर्ट ने जिस तरह से सरकार के तर्कों को आईना दिखाया, वह अभूतपूर्व था। जब सरकार ने वांगचुक पर 'भड़काऊ भाषण' और 'अशांति फैलाने' का आरोप लगाया, तो कोर्ट ने सीधे साक्ष्य की मांग की। न्यायालय ने सरकार से कड़े शब्दों में पूछा कि जिस आधार पर वांगचुक को जेल में रखा गया है, क्या वह वास्तव में कानून की कसौटी पर खरा उतरता है? पुलिस द्वारा पेश किए गए भाषणों के अनुवाद और वास्तविक वीडियो के बीच की विसंगति ने कोर्ट की नाराजगी को बढ़ा दिया। न्यायाधीशों ने स्पष्ट संकेत दे दिया था कि 'राष्ट्रीय सुरक्षा कानून' का इस्तेमाल मनमाने ढंग से नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने सरकार को यह स्पष्ट कर दिया कि यदि साक्ष्य ठोस नहीं हैं, तो किसी की स्वतंत्रता का हनन सहन नहीं किया जाएगा। यह न्यायिक प्रक्रिया सत्ता के लिए एक स्पष्ट संदेश थी कि वह कानून से ऊपर नहीं है। सरकार का निर्णयः हार या समझदारी? अतः, समय रहते रिहाई का रास्ता चुनना एक रणनीतिक और व्यावहारिक निर्णय है। सोनम वांगचुक की यह रिहाई इस बात का प्रमाण है कि लोकतंत्र में 'असहमत' होने का अधिकार सुरक्षित है। महान व्यक्तियों का कद जेल की चारदीवारी से कम नहीं होता, बल्कि उनका संघर्ष और अधिक प्रखर हो जाता है। अब चुनौती यह है कि सरकार और लद्दाख के प्रतिनिधि एक मेज पर बैठें और वहां की विशिष्ट आवश्यकताओं पर चर्चा करें।

सोनम वांगचुक की रिहाई के साथ, देश को उम्मीद है कि लद्दाख के मसले अब पुलिसिया कार्रवाई की जगह, लोकतांत्रिक और संवैधानिक संवाद के माध्यम से सुलझाए जाएंगे। यह घटनाक्रम भारतीय लोकतंत्र की ताकत को पुनः स्थापित करता है—जहाँ जन-असंतोष का सम्मान है और न्यायालय का आदेश सर्वोपरि।

# तेल निर्भरता का खतरा, ऊर्जा आत्मनिर्भरता जरूरी

आलोक सिंह
अपर जिला सहकारी अधिकारी
तहसील ऊंचाहार
जनपद रायबरेली

**भौगोलिक दृष्टि से भारत उन देशों में शामिल है जहां साल के अधिकांश दिनों में तेज धूप रहती है। देश के अधिकांश हिस्सों में साल के लगभग 300 दिन सूर्य का प्रकाश उपलब्ध रहता है। यह स्थिति सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि इस क्षमता का पूरी तरह उपयोग किया जाए, तो भारत बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है।**

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और विशेष रूप से ईरान से जुड़े घटनाक्रमों ने एक बार फिर दुनिया को इस सच्चाई से रूबरू करा दिया है कि तेल पर अत्यधिक निर्भरता किसी भी देश के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। जब भी इस क्षेत्र में युद्ध या राजनीतिक अस्थिरता पैदा होती है, सबसे पहले तेल की आपूर्ति और कीमतों पर असर पड़ता है। तेल की कीमतों में मामूली उथल-पुथल भी पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर देती है। भारत जैसे देश के लिए यह चिंता और भी बड़ी है, क्योंकि हमारी अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा आयातित तेल पर निर्भर है। ईरान से जुड़े हालिया तनाव ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि ऊर्जा के लिए एक ही स्रोत पर निर्भर रहना अब दूरदर्शिता नहीं है। भारत अपनी कुल जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत कच्चा तेल विदेशों से आयात करता है। इसका अर्थ है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में होने वाला हर उतार-चढ़ाव सीधे भारत की अर्थव्यवस्था और आम नागरिक की जेब पर असर डालता है। जब कच्चे तेल की कीमत बढ़ती है, तो पेट्रोल और डीजल महंगे हो जाते हैं। इससे परिवहन की लागत बढ़ जाती है और इसका असर धीरे-धीरे हर वस्तु पर दिखाई देने लगता है। खाद्यान्न, सब्जियां, निर्माण सामग्री और दवाइयां—सब महंगी हो जाती हैं। इस प्रकार, तेल की कीमतें केवल ऊर्जा का विषय नहीं रहतीं, बल्कि वे पूरे आर्थिक ढांचे को प्रभावित करने लगती हैं। पश्चिम एशिया लंबे समय से दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडार का केंद्र रहा है, लेकिन यही क्षेत्र लगातार युद्ध, संघर्ष और अस्थिरता का भी केंद्र रहा है। कभी खाड़ी युद्ध, कभी प्रतिबंध, कभी समुद्री मार्गों पर खतरा और कभी बड़े देशों के बीच टकराव—इन सब कारणों से तेल की आपूर्ति बार-बार प्रभावित हुई है। ऐसे में जो देश आयातित तेल पर निर्भर हैं, वे हमेशा असुरक्षित स्थिति में रहते हैं। ईरान के साथ बढ़ते तनाव ने भी यही चेतावनी दी

है कि यदि वैश्विक संकट गहराता है, तो तेल आपूर्ति पर बड़ा संकट आ सकता है।

भारत के लिए यह स्थिति इसलिए गंभीर है क्योंकि हमारा विकास तेजी से बढ़ रहा है और इसके साथ ऊर्जा की मांग भी बढ़ रही है। उद्योग, परिवहन, कृषि और शहरी जीवन — सभी क्षेत्रों में ऊर्जा की खपत बढ़ रही है। यदि यह जरूरत केवल तेल और गैस से पूरी की जाएगी, तो आने वाले वर्षों में आर्थिक दबाव और बढ़ सकता है। इसलिए समय की मांग है कि भारत ऊर्जा के वैकल्पिक स्रोतों की ओर तेजी से कदम बढ़ाए। भारत के पास इस दिशा में एक बड़ी संभावना मौजूद है—सौर ऊर्जा। भौगोलिक दृष्टि से भारत उन देशों में शामिल है जहां साल के अधिकांश दिनों में तेज धूप रहती है। देश के अधिकांश हिस्सों में साल के लगभग 300 दिन सूर्य का प्रकाश उपलब्ध रहता है। यह स्थिति सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए अत्यंत अनुकूल है। यदि इस क्षमता का पूरी तरह उपयोग किया जाए, तो भारत बिजली उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने सौर ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण पहलें की हैं। कई राज्यों में बड़े सौर ऊर्जा पार्क स्थापित किए गए हैं और छतों पर सौर पैनल लगाने की योजनाएं भी शुरू हुई हैं। इसके बावजूद, यह प्रयास अभी भी देश की वास्तविक क्षमता के मुकाबले कम हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि सरकार बड़े पैमाने पर निवेश और नीति समर्थन दे, तो सौर ऊर्जा भारत की ऊर्जा व्यवस्था का मुख्य आधार बन सकती है।

सौर ऊर्जा के साथ-साथ पवन ऊर्जा, जैव ऊर्जा और हरित हाइड्रोजन भी भविष्य की ऊर्जा व्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। भारत के तटीय राज्यों में पवन ऊर्जा की बड़ी संभावना है। कृषि प्रधान देश होने के कारण जैव ऊर्जा के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं मौजूद हैं। हरित हाइड्रोजन को भविष्य का स्वच्छ ईंधन माना जा रहा है, और भारत इस क्षेत्र में तेजी से काम शुरू कर चुका है।

नवीकरणीय ऊर्जा की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल स्वच्छ ही नहीं होती, बल्कि दीर्घकाल में सस्ती भी साबित होती है। इससे प्रदूषण कम होता है, पर्यावरण सुरक्षित रहता है और ऊर्जा उत्पादन स्थानीय स्तर पर संभव हो पाता है। इसके अलावा, इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर भी पैदा होते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में सौर ऊर्जा परियोजनाएं लगने से वहां के विकास को भी नई गति मिल सकती है।

भारत के लिए अब यह आवश्यक है कि ऊर्जा नीति को दूरदर्शिता के साथ तैयार किया जाए। सरकार को सौर और पवन ऊर्जा परियोजनाओं के लिए निवेश को आसान बनाना होगा। घरों और उद्योगों में सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देना होगा। साथ ही, बिजली भंडारण की आधुनिक तकनीकों और स्मार्ट वितरण प्रणाली पर भी काम करना होगा, ताकि नवीकरणीय ऊर्जा का अधिकतम उपयोग संभव हो सके।

ईरान से जुड़े हालिया तनाव ने स्पष्ट कर दिया है कि तेल पर अत्यधिक निर्भरता भविष्य के लिए जोखिम भरा रास्ता है। भारत के पास सूर्य, हवा और जैव संसाधनों का विशाल भंडार है। यदि इनका सही उपयोग किया जाए, तो देश ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन सकता है। समय की मांग यही है कि सरकार, उद्योग और समाज मिलकर स्वच्छ और वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की दिशा में निर्णायक कदम उठाएं। तभी भारत वैश्विक ऊर्जा संकटों से सुरक्षित रह पाएगा और विकास की राह पर मजबूती से आगे बढ़ सकेगा।

हमारी गीता

# पूर्वजों के प्रति कृतज्ञता और हमारी सांस्कृतिक जड़ें

स्वामिनी निष्कलानंदा
चिन्मय मिशन कल्याण

श्रीमद्भगवद्गीता के प्रथम अध्याय में अर्जुन का विषाद केवल युद्ध के प्रति भय नहीं, बल्कि अपनी संस्कृति और परंपराओं के प्रति गहरा सरोकार है। अर्जुन का तर्क है कि कुलक्षय से कुलधर्म नष्ट होंगे, जिसका सीधा प्रभाव श्राद्ध और तर्पण जैसी पवित्र क्रियाओं पर पड़ेगा। उनके अनुसार, पिण्ड और जल की क्रियाएँ लुप्त होने से न केवल वर्तमान पीढ़ी, बल्कि पूर्वज भी पतन के भागी बनेंगे। आज के 'यूज़ एंड थ्रो' (Use and Throw) के दौर में, जहाँ क्षणिक सुखों को प्राथमिकता दी जा रही है, वहाँ अर्जुन द्वारा उठाए गए ये सूक्ष्म विचार अत्यंत प्रासंगिक हैं। हमारा अस्तित्व ही हमारे पूर्वजों की विरासत है। हमारा स्वभाव, हमारी बुद्धिमत्ता और हमारे संस्कार—ये सब उनकी ही पीढ़ियों से चली आ रही देन हैं। हम आज जिस वैभव में जी रहे हैं, उसके पीछे हमारे पूर्वजों का दशकों का त्याग और परिश्रम निहित है। हमारी संस्कृति में स्वयं के जन्मदिन के उत्सव से कहीं अधिक महत्व पितरों के प्रति श्रद्धा को दिया गया है, क्योंकि यही हमारे अस्तित्व का आधार है।

श्राद्ध-तर्पण वास्तव में एक प्रतीकात्मक कर्म है। यह हमारे पूर्वजों द्वारा रची गई उस पवित्र संस्कृति के प्रति आभार व्यक्त करने का माध्यम है, जिसे उन्होंने बड़े जतन से सींचा

है। उन्होंने एक आदर्श परंपरा का बगीचा तैयार किया है। इसे संभालना और इसकी रक्षा करना ही उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि है। यदि हम अपनी संस्कृति के मूल्यों को ठुकराते हैं, तो यह उस बगीचे को बंजर करने जैसा है, जो सीधे तौर पर हमारे पूर्वजों का अपमान है। अर्जुन का भय व्यावहारिक है, लेकिन हमें यह भी समझना होगा कि कर्म का मर्म क्या है। पितरों का पतन तभी होता है जब हम उनके द्वारा स्थापित जीवन-मूल्यों को त्याग देते हैं। जब हम अपनी जड़ों से कट जाते हैं, तब वास्तव में हमारा पतन शुरू होता है। अतः 'पिण्डोदक' क्रियाओं का लुप्त न होना केवल एक धार्मिक विधि नहीं, बल्कि एक जीवंत जुड़ाव है।

हमें अपने पूर्वजों के समर्पण और त्याग पर गर्व होना चाहिए। हर क्षण यह बोध होना कि हमारे वंशज हमें देख रहे हैं, हमें एक उत्तरदायी जीवन जीने की प्रेरणा देता है।

शख्सियत | सुखदेव थापर

# देशभक्ति और बलिदान की प्रेरक गाथा

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम का इतिहास अनेक वीर क्रांतिकारियों के साहस, त्याग और बलिदान से भरा हुआ है। इन महान योद्धाओं में सुखदेव थापर का नाम अत्यंत सम्मान के साथ लिया जाता है। वे उन युवाओं में थे जिन्होंने अपनी मातृभूमि को विदेशी शासन से मुक्त कराने के लिए अपने प्राणों तक का बलिदान दे दिया। उनका जीवन देशभक्ति, साहस और आदर्शों के प्रति अटूट समर्पण का अद्भुत उदाहरण है।

सुखदेव थापर का जन्म 15 मई 1907 को पंजाब के लुधियाना में हुआ था। उनके पिता का नाम रामलाल थापर और माता का नाम रल्ली देवी था। जब सुखदेव बहुत छोटे थे तभी उनके पिता का देहांत हो गया, इसलिए उनका पालन-पोषण उनके चाचा लाला अचिन्तराम ने किया। अचिन्तराम स्वयं देशभक्त और समाजसेवी थे, इसलिए बचपन से ही सुखदेव के मन में देशप्रेम और स्वतंत्रता की भावना जागृत हो गई थी।

युवावस्था में ही सुखदेव स्वतंत्रता आंदोलन से जुड़ गए। उस समय देश में ब्रिटिश शासन के अत्याचारों के खिलाफ युवाओं में आक्रोश बढ़ रहा था। इसी दौर में उनकी मुलाकात महान क्रांतिकारी भगत सिंह से हुई। दोनों के विचार और लक्ष्य एक जैसे थे, इसलिए वे शीघ्र ही घनिष्ठ मित्र बन गए। आगे चलकर उन्होंने क्रांतिकारी संगठन हिन्दुस्तान सोशलिस्ट रिपब्लिकन एसोसिएशन में सक्रिय भूमिका निभाई। सुखदेव थापर न केवल साहसी क्रांतिकारी थे, बल्कि वे एक कुशल संगठनकर्ता भी थे। उन्होंने युवाओं को संगठित करने और उनमें देशभक्ति की भावना जागृत करने के लिए अनेक प्रयास किए। लाहौर में उन्होंने युवाओं को जागरूक करने के लिए सभाओं और बैठकों का आयोजन किया और उन्हें स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

सन् 1928 में अंग्रेज अधिकारी सॉन्डर्स की हत्या की घटना भारतीय क्रांतिकारी आंदोलन का एक महत्वपूर्ण अध्याय बन गई। यह कार्य पंजाब केसरी लाला लाजपत राय पर हुए लाठीचार्ज और उनकी मृत्यु का प्रतिशोध लेने के लिए किया गया था। इस योजना में सुखदेव, भगत सिंह और शिवराम राजगुरु प्रमुख रूप से शामिल थे। इस घटना के बाद अंग्रेज सरकार ने इन क्रांतिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी।

अंततः सुखदेव, भगत सिंह और राजगुरु को गिरफ्तार कर लिया गया और उन पर मुकदमा चलाया गया। यह मुकदमा इतिहास में लाहौर षड्यंत्र केस के नाम से प्रसिद्ध हुआ। अदालत ने तीनों क्रांतिकारियों को फांसी की सजा सुनाई। 23 मार्च 1931 को लाहौर जेल में इन तीनों वीरों को फांसी दे दी गई। उस समय सुखदेव की आयु मात्र 23 वर्ष थी, लेकिन उन्होंने मुस्कुराते हुए देश के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। सुखदेव थापर का बलिदान भारतीय युवाओं के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहा है। उन्होंने यह साबित किया कि देश के लिए समर्पित जीवन ही सच्चा और महान जीवन होता है। उनका साहस, उनका आत्मबल और उनका देशप्रेम आने वाली पीढ़ियों को राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करता रहेगा।

आज भारतवासी जब भी स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास को याद करते हैं, तो सुखदेव थापर का नाम गर्व और श्रद्धा के साथ लिया जाता है।

जीवन ऊर्जा

एमिल वॉन बेहरिंग : जन्म - 15 मार्च 1854 | जन्म

# मानवता के हित से बड़ा कोई उद्देश्य नहीं

**एमिल वॉन बेहरिंग का जन्म 15 मार्च 1854 को जर्मनी में हुआ था। वे प्रसिद्ध चिकित्सक और प्रतिरक्षा विज्ञान के अग्रणी वैज्ञानिक थे। उन्होंने डिप्थीरिया रोग के उपचार के लिए प्रतिरक्षी सीरम चिकित्सा का विकास किया, जिससे हजारों लोगों का जीवन बचाया जा सका। चिकित्सा क्षेत्र में उनके महान योगदान के लिए उन्हें 1901 में शरीर क्रिया विज्ञान तथा चिकित्सा का पहला नोबेल पुरस्कार प्राप्त हुआ। उनका निधन 31 मार्च 1917 को हुआ।**

विज्ञान मानवता की सेवा का सबसे बड़ा माध्यम है। चिकित्सा का उद्देश्य केवल रोग का उपचार नहीं बल्कि जीवन की रक्षा है। सच्चा वैज्ञानिक वही है जो मानव पीड़ा को समझे। ज्ञान का उपयोग मानव कल्याण के लिए होना चाहिए। खोज और अनुसंधान से ही प्रगति संभव है। विज्ञान में धैर्य सबसे बड़ा गुण है। प्रयोग और परिश्रम से सत्य प्राप्त होता है। मानव जीवन सबसे मूल्यवान है। रोगों से लड़ना मानवता की रक्षा करना है। विज्ञान समाज के लिए होना चाहिए। कठिनाइयां नई खोजों का मार्ग खोलती हैं। वैज्ञानिक का कर्तव्य सत्य की खोज करना है। ज्ञान जितना बढ़ेगा मानवता उतनी सुरक्षित होगी। चिकित्सा सेवा एक महान दायित्व है। शोध में निरंतर प्रयास आवश्यक है। मानवता के हित से बड़ा कोई उद्देश्य नहीं। विज्ञान अंधविश्वास को दूर करता है। हर खोज के पीछे कठोर परिश्रम होता है। धैर्य से ही बड़ी उपलब्धियां मिलती हैं।

रोगों के खिलाफ संघर्ष कभी रुकना नहीं चाहिए। वैज्ञानिक सोच समाज को आगे बढ़ाती है। शिक्षा ज्ञान का प्रकाश है। सेवा भाव से किया गया कार्य अमर हो जाता है। प्रयोग से ही सत्य की पुष्टि होती है। विज्ञान मानव जीवन को सुरक्षित बनाता है। करुणा और ज्ञान साथ हों तो चमत्कार होते हैं। शोध का उद्देश्य जीवन को बेहतर बनाना है। नई पीढ़ी को विज्ञान के मार्ग पर चलना चाहिए। ज्ञान का प्रकाश अज्ञानता को मिटाता है। मानवता की रक्षा सबसे बड़ा धर्म है। विज्ञान में समर्पण जरूरी है। हर समस्या का समाधान खोज से निकलता है। प्रयास से ही सफलता मिलती है। विज्ञान और मानवता एक दूसरे के पूरक हैं। मानव कल्याण ही हर वैज्ञानिक प्रयास का अंतिम लक्ष्य होना चाहिए।

सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्यप्रदेश

# प्रेम और भक्ति की अद्भुत कथा

भारतीय आध्यात्मिक परंपरा में श्रीकृष्ण और उद्धव का संबंध अत्यंत विशेष माना जाता है। यह केवल दो मित्रों का संबंध नहीं था, बल्कि उसमें सखा का स्नेह, शिष्य की श्रद्धा और गुरु का मार्गदर्शन एक साथ दिखाई देता है। उद्धव अत्यंत विद्वान, चिंतनशील और तर्कशील व्यक्ति थे। वे श्रीकृष्ण के निकटतम साथियों में गिने जाते थे और द्वारका में उनके विश्वासपात्र सलाहकार माने जाते थे। दूसरी ओर श्रीकृष्ण का व्यक्तित्व केवल ज्ञान तक सीमित नहीं था; उसमें प्रेम, करुणा और जीवन की गहरी समझ का अद्भुत संगम था। इसी कारण दोनों के बीच होने वाले संवाद साधारण चर्चा नहीं होते थे, बल्कि वे जीवन के गहरे अर्थों को समझने का माध्यम बन जाते थे। एक दिन द्वारका की संध्या बड़ी शांत थी। समुद्र की लहरें धीरे-धीरे तट से टकरा रही थीं और आकाश में ढलता हुआ सूर्य सुनहरी आभा बिखेर रहा था। उसी समय श्रीकृष्ण महल की छत पर बैठे दूर क्षितिज को निहार रहे थे। उनके चेहरे पर हल्की मुस्कान थी, पर आंखों में वृंदावन की स्मृतियां झलक रही थीं। तभी उद्धव वहां पहुंचे। उन्होंने विनम्र स्वर में पूछा कि आज वे इतने चिंतन में क्यों हैं। श्रीकृष्ण ने शांत भाव से वृंदावन का नाम लिया और कहा कि वहां की गोपियां आज भी उन्हें उसी प्रेम से स्मरण करती हैं। फिर उन्होंने उद्धव से कहा कि वे वृंदावन जाकर उनका संदेश पहुंचाएं। उद्धव को अपने ज्ञान और तर्क पर गहरा विश्वास था। उन्हें लगा कि वे गोपियों को समझा देंगे कि जीवन में विरह और मोह से ऊपर उठकर आत्मज्ञान प्राप्त करना चाहिए। इसी विश्वास के साथ वे वृंदावन की यात्रा पर निकल पड़े। कई

दिनों की यात्रा के बाद जब वे वहां पहुंचे, तो उन्हें लगा कि यह स्थान साधारण गांव जैसा नहीं है। यमुना का शांत प्रवाह, कदंब और तमाल के वृक्षों की छाया, गायों की घंटियों की ध्वनि और चारों ओर फैली सरलता—सब मिलकर एक अलग ही वातावरण बना रहे थे। ऐसा लगता था मानो वहां की हवा में भी श्रीकृष्ण की स्मृतियां बसी हुई हैं।

जब गोपियों को पता चला कि द्वारका से कोई श्रीकृष्ण का संदेश लेकर आया है, तो वे उत्सुकता से वहां एकत्र हो गईं। उनकी आंखों में प्रतीक्षा और प्रेम दोनों झलक रहे थे। उद्धव ने गंभीर स्वर में श्रीकृष्ण का संदेश सुनाया और उन्हें वैराग्य तथा आत्मचिंतन की बातें समझाने लगे। गोपियां शांत होकर सुनती रहीं। कुछ देर बाद एक गोपी मुस्कुराकर बोली कि वे इन गूढ़ बातों को नहीं समझतीं, क्योंकि उनके लिए श्रीकृष्ण केवल स्मृति नहीं, बल्कि उनके जीवन की सांसों में बसे हुए हैं। किसी ने कहा कि जब वे यमुना के तट पर जाती हैं, तो हर लहर में उन्हें श्रीकृष्ण की बांसुरी की धुन सुनाई देती है। उन सरल शब्दों में जो भाव था, वह किसी तर्क से कहीं अधिक गहरा था। उद्धव चुपचाप सब सुनते रहे। उन्होंने देखा कि गोपियों की आंखों में आंसू थे, पर उन आंसुओं में पीड़ा से अधिक प्रेम की चमक थी। उस रात वृंदावन में दूर से गोपियों के गीतों की मधुर ध्वनि सुनाई देती रही, जिनमें स्मृति, विरह और आत्मीयता का अद्भुत संगम था। कुछ दिनों बाद जब उद्धव द्वारका लौटे और श्रीकृष्ण के सामने पहुंचे, तो उनके चेहरे पर पहले जैसी गंभीरता नहीं थी, बल्कि एक गहरी विनम्रता थी। श्रीकृष्ण ने मुस्कुराकर उनकी ओर देखा, जैसे बिना शब्दों के ही सब समझ गए हों। उस अनुभव ने यह स्पष्ट कर दिया कि मनुष्य के जीवन में ज्ञान और तर्क का अपना स्थान है, पर अंततः मानव जीवन का मूल स्वभाव प्रेम है और मनुष्य की यात्रा अंततः उसी प्रेम की खोज में पूरी होती है।

पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## अपने विचार

भारत इस तरह से व्यवहार क्यों कर रहा है? देश के प्रधानमंत्री को ईरान पर हुए हमले की निंदा करनी चाहिए थी। पीएम को दोहा, दुबई, बहरीन और कुवैत में हुई घटनाओं की निंदा करनी चाहिए थी। आप जाकर ट्रंप और नेतन्याहू के साथ क्यों बैठ गए? क्या यही हमारी विदेश नीति है? हमने अस्सी सालों से तटस्थ रुख बनाए रखा है।

असदुद्दीन ओवैसी
प्रमुख,AIMIM

पहले सनातन के सबसे बड़े केंद्र के माध्यम से मोनालिसा भोंसले को सोशल मीडिया पर ख्याति दिलवाई गई और बाद में उन्होंने एक युवक जो कि मुस्लिम है. उससे विवाह किया। कहीं यह सनातन को बदनाम करने का बड़ा षड्यंत्र तो नहीं है।

देवकीनंदन ठाकुर
कथा वाचक

अमेरिका के साथ व्यापार समझौते में ₹non-trade barriers₹ घटाने की बात कही गई है। क्या इसका मतलब MSP और सरकारी खरीद को कमजोर करना है? सरकार इस सवाल से भी बच रही है। मोदी सरकार किसानों से किया वादा तो निभाना नहीं चाहती, अपने स्वार्थ के लिए वो भारतीय कृषि को कुर्बान करने को भी तैयार है।

राहुल गांधी
नेता विपक्ष

अल्लाह और कुरान को गाली दी गई, क्या इस मुल्क में रहकर हम लोग इसे बर्दाश्त कर लें। ऐसे जीने से फायदा क्या है? अगर हमारे सामने हमारे मजहब को बार-बार गाली दी जाए। मैं समझता हूं कि पानी अब सिर से ऊपर हो रहा है। सरकार को इसे रोकना चाहिए। पुलिस तो FIR भी दर्ज नहीं कर रही थी।'

अबू आजमी,नेता
समाजवादी पार्टी

## अपने विचार

डीबीडी कार्यालय

ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के.के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001

indiagroundreport@gmail.com

भेज सकते हैं।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुण लाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित. फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : अमित बृज (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए ज्मिदार).

## ब्रीफ न्यूज़

### युद्ध जैसी इमरजेंसी के बीच बनी रहेगी गैस और ईंधन आपूर्ति

ठाणे। ठाणे प्रशासन ने युद्ध जैसी परिस्थितियों में नागरिकों में फैल रहे डर और अफवाहों को रोकने के लिए 24 घंटे का कंट्रोल रूम खोला है। हेल्पलाइन नंबर 8169230665 पर लोग किसी भी समस्या या शिकायत के लिए संपर्क कर सकते हैं। सिविल सप्लाई डिपार्टमेंट के अनुसार, गैस सिलेंडर और पेट्रोल-डीज़ल की आपूर्ति में कोई कमी नहीं है। बुकिंग के लगभग 25 दिनों के भीतर सिलेंडर नागरिकों के घरों तक पहुँच रहे हैं। प्रशासन ने घबराहट और स्टॉक बढ़ाने से बचने की सलाह दी है। कंट्रोलर ऑफ़ सिविल सप्लाईज़ मुंबई और डिप्टी कंट्रोलर ऑफ़ राशन डिस्ट्रीब्यूशन के मार्गदर्शन में रेगुलर मीटिंग करके स्थिति की समीक्षा की जा रही है। ठाणे सर्कल में गैस एजेंसियों और पेट्रोल पंपों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं और सप्लाई पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने अफवाहों पर विश्वास न करने और शांति बनाए रखने की अपील की है। पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन उपलब्ध है और वितरण सुचारू रूप से चल रहा है। 36 एफ ठाणे राशन डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड ने कहा कि नागरिक अपनी समस्याओं, शिकायतों या सुझावों के लिए कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं, ताकि उन्हें तुरंत समाधान मिल सके।

### सर्वोदय नगर में श्रीमद्भागवत कथा का समापन

अंबरनाथ। सर्वोदय नगर स्थित परमार्थ सेवा संस्था द्वारा आयोजित सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का 8 मार्च से 14 मार्च तक भव्य आयोजन किया गया, जिसमें काशी के प्रख्यात कथावाचक श्री श्री कुणाल जी महाराज ने अपनी ओजस्वी और मधुर वाणी से भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का वर्णन कर हजारों भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वर्ष 2023 से निरंतर आयोजित हो रही इस पावन कथा को सफल बनाने में स्थानीय नवनिर्वाचित नगरसेवक गीत शैलेश भोईर का विशेष योगदान रहा, वहीं संस्था के संस्थापक कवि शैलेश मिश्र 'हिमालय', अध्यक्ष राजेश मिश्र और महासचिव आशीष मिश्रा सहित पूरी टीम और महिला मंडल की सक्रिय भागीदारी ने इस आध्यात्मिक महोत्सव को यादगार बना दिया। कथा के अंतिम दिन महाप्रसाद के साथ इस ज्ञान यज्ञ का समापन हुआ, जिसमें चिखलोली परिसर के श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ सहभागिता कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

नायगांव बीडीडी चॉल पुनर्विकास

# 16 मार्च को लाभार्थियों को मिलेंगे 864 पुनर्वास फ्लैट

### मुख्यमंत्री करेंगे फ्लैटों का वितरण

दीपक पवार । मुंबई

देवेंद्र फडणवीस 16 मार्च को मुंबई के यशवंतराव चव्हाण सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में नायगांव BDD चॉल पुनर्विकास परियोजना के 864 पुनर्वास फ्लैट लाभार्थियों को सौंपेंगे। यह कार्यक्रम उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और सुनेत्रा पवार की मौजूदगी में होगा।

### MHADA कर रही है परियोजना का क्रियान्वयन

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी BDD चॉल पुनर्विकास परियोजना का क्रियान्वयन MHADA के मुंबई आवास व क्षेत्र विकास मंडल द्वारा किया जा रहा है। नायगांव स्थित इस परियोजना को "डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर BDD कॉम्प्लेक्स" नाम दिया गया है। करीब 6.45 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली नायगांव BDD चॉल में तीन मंजिला 42 चॉलों में 3344 किरायेदार रहते थे। पुनर्विकास योजना के तहत 23 मंजिला 20 पुनर्वास इमारतों का निर्माण किया जा रहा है। पहले चरण में 8 टावरों में से 5 टावरों के 864 फ्लैट तैयार हो चुके हैं, जबकि शेष 537 फ्लैटों का निर्माण अप्रैल 2026 तक पूरा होने की संभावना है।

### देश के सबसे बड़े पुनर्विकास प्रोजेक्ट में शामिल

BDD चॉल पुनर्विकास परियोजना वर्ली, एन.एम. जोशी मार्ग-परेल और नायगांव सहित करीब 86 एकड़ क्षेत्र में फैली 195 चॉलों का पुनर्विकास कर रही है। इस परियोजना के तहत कुल 15,593 परिवारों का पुनर्वास किया जा रहा है।

### पुलिसकर्मियों को भी मिलेगा लाभ

इन 864 फ्लैटों में से 423 फ्लैट सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों, उनके वारिसों और वर्तमान में सेवा दे रहे पुलिसकर्मियों के लिए आरक्षित हैं। इन लाभार्थियों को 'डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर BDD संकुल' के तहत पुनर्वास आवास दिए जाएंगे।

## 'महाराजस्व शिविर' में विधायक कुमार आयलानी ने लाभार्थियों को सौंपे सरकारी प्रमाण पत्र

डीबीडी संवाददाता । उल्हासनगर

उल्हासनगर उपविभागीय कार्यालय में आयोजित छत्रपति शिवाजी महाराज महाराजस्व शिविर शनिवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें विधायक कुमार आयलानी के मुख्य आतिथ्य में सैकड़ों लाभार्थियों को विभिन्न शासकीय प्रमाण पत्र वितरित किए गए। एक दिवसीय इस विशेष कैंप में गरीब नागरिकों, दिव्यांगों, वरिष्ठ नागरिकों और संजय गांधी निराधार योजना के तहत बेसहारा महिलाओं को प्राथमिकता देते हुए आय प्रमाण पत्र, अधिवास (डोमिसाइल), राष्ट्रीयता, जाति प्रमाण पत्र, नॉन-क्रीमी लेयर और मातृ वंदना योजना जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज मौके पर ही प्रदान किए गए। एसडीओ विजयानंद शर्मा, तहसीलदार कल्याणी कदम और महापौर अश्विनी निकम की उपस्थिति में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य सरकारी सेवाओं को सीधे जनता तक पहुँचाना रहा, जिसमें नगर भूमापन अधिकारी राजेंद्र लोढे और सामाजिक कार्यकर्ता राजू तेलकर सहित प्रशासनिक टीम का विशेष योगदान रहा।

## छत्रपति शिवाजी महाराज राजस्व सेवा अभियान को अच्छा प्रतिसाद

### राजस्व मामलों के समाधान के लिए विशेष शिविर

डीबीडी संवाददाता । भाईंदर

मीरा-भाईंदर में राज्य सरकार द्वारा शुरू किए गए छत्रपति शिवाजी महाराज महा राजस्व सेवा अभियान के पहले चरण के शिविर को नागरिकों और किसानों का अच्छा प्रतिसाद मिला। मीरा रोड स्थित डॉ. अप्पासाहेब धर्माधिकारी सभागृह में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपने लंबित राजस्व मामलों के समाधान के लिए आवेदन किए। यह अभियान महाराष्ट्र सरकार की पहल है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को राजस्व संबंधी सेवाएं तेज़ी से उपलब्ध कराना है। यह विशेष अभियान मार्च से मई 2026 तक राज्यभर में आयोजित शिविरों के माध्यम से चलाया जा रहा है।

### 15 से अधिक सेवाएं एक ही जगह उपलब्ध

अभियान के तहत नागरिकों को 15 से अधिक सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। इनमें नामांतरण (फेरफार), सात-बारा और 8-अ के डिजिटल हस्ताक्षर वाले उतारे, आय प्रमाण पत्र, अधिवास (डोमिसाइल), जाति प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं शामिल हैं। इसके अलावा गैर कृषि भूमि (एनए) अनुमति, पीएम-किसान अपडेट और कृषि डेटा के डिजिटल संग्रह से जुड़ी समस्याओं का भी समाधान किया जा रहा है। स्थानीय विधायक नरेंद्र मेहता के अनुसार यह अभियान महाराष्ट्र भूमि राजस्व संहिता की नई धाराओं को लागू करने में मदद करेगा, जिससे व्यवस्था में पारदर्शिता बढ़ेगी और नागरिकों का समय व मेहनत दोनों बचेंगे। शिविर में महापौर डिंपल मेहता, तहसीलदार निलेश गौंड सहित सहकारी संस्था के उपनिबंधक, भूमि अभिलेख विभाग, राशन विभाग, समाज विकास विभाग, आधार पंजीकरण अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग तथा मीरा-भाईंदर महानगरपालिका के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## यूपी भवन में फुल-टाइम कमिश्नर होंगे नियुक्त

डीबीडी संवाददाता । नवी मुंबई

उत्तर प्रदेश सरकार के इंडस्ट्री कनेक्ट अभियान के तहत उत्तर प्रदेश के श्रम मंत्री अनिल राजभर ने ने महाराष्ट्र दौरे के दौरान नवी मुंबई के वाशी स्थित राजीव गांधी कॉलेज में उद्योगपतियों और प्रवासी प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। यह बैठक उत्तर प्रदेश सरकार के इंडस्ट्री कनेक्ट अभियान के तहत आयोजित की गई थी, जिसमें निवेश और प्रवासी मजदूरों की समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान पूर्व सांसद हरिवंश सिंह ने वाशी स्थित उत्तर प्रदेश भवन में फुल-टाइम कमिश्नर नियुक्त करने की मांग उठाई। उनका कहना था कि इससे मुंबई और नवी मुंबई में रहने वाले उत्तर प्रदेश के लोगों को निवेश और प्रशासनिक सहायता से जुड़ी जानकारी आसानी से मिल सकेगी।

### प्रवासी मजदूरों के लिए सहायता केंद्र की योजना

मंत्री अनिल राजभर ने कहा कि मुंबई और नवी मुंबई में उत्तर प्रदेश के बड़ी संख्या में लोग रहते हैं। इसलिए ऐसी व्यवस्था विकसित करने की जरूरत है, जिससे प्रवासी मजदूरों को किसी भी प्रशासनिक समस्या के समाधान के लिए वाशी स्थित यूपी भवन में ही मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव पर वे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चर्चा करेंगे। अनिल राजभर ने कहा कि उद्योग और मजदूर का रिश्ता चोली-दामन जैसा है, इसलिए दोनों के बीच बेहतर समन्वय बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी कारण बड़ी संख्या में निवेशक आज उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए आगे आ रहे हैं और राज्य में उद्योग तेजी से विकसित हो रहे हैं। मंत्री ने दावा किया कि उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी दर घटकर लगभग तीन प्रतिशत रह गई है।

## रेल समयबद्धता में भुसावल मंडल अव्वल

### भारतीय रेलवे के 69 मंडलों में पहला स्थान, 100% पंक्चुअलिटी का रिकॉर्ड

डीबीडी संवाददाता । भुसावल

भारतीय रेलवे में ट्रेन संचालन की समयबद्धता के मामले में मध्य रेल के भुसावल मंडल ने 13 मार्च 2026 को बड़ा रिकॉर्ड बनाया। देश के 69 रेलवे मंडलों में भुसावल मंडल ने प्रथम स्थान हासिल करते हुए 100 प्रतिशत समयबद्धता दर्ज की।

### 173 ट्रेनें समय पर चलीं

उस दिन निर्धारित प्रादेशिक दूरी 54,067.25 किलोमीटर और निर्धारित समय 54,074 मिनट था। एकीकृत कोचिंग प्रबंधन प्रणाली (ICMS) में दर्ज 173 ट्रेनों में से सभी ट्रेनें समय पर चलीं, जिससे 100 प्रतिशत समयबद्धता का रिकॉर्ड बना। यह प्रदर्शन दूसरे स्थान पर रहे जोधपुर मंडल से भी काफी बेहतर रहा।

### रणनीतिक योजना और टीमवर्क का परिणाम

रेलवे अधिकारियों के अनुसार यह उपलब्धि ऑपरेटिंग शाखा के कर्मचारियों की लगातार मेहनत, "ज़ीरो टॉलरेंस" नीति और ट्रेनों की समयबद्धता को प्राथमिकता देने के कारण संभव हुई है। मध्य रेल अब तक कुल 92 प्रतिशत समग्र समयबद्धता हासिल कर चुकी है।

### जोनल रैंकिंग में भी सुधार

भुसावल मंडल के उत्कृष्ट प्रदर्शन के कारण मध्य रेल 17 जोनल रेलवे में पांचवें स्थान पर पहुंचने में सफल रही। मार्च महीने में यह चौथी बार (3, 5, 11 और 13 मार्च) है जब जोनल स्तर पर 100 प्रतिशत समयबद्धता हासिल की गई। भुसावल मंडल में प्रतिदिन औसतन 170 से अधिक मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का संचालन होता है। इतनी बड़ी संख्या में ट्रेनों के संचालन और लंबी दूरी के कारण नियंत्रकों के लिए समयबद्धता बनाए रखना चुनौतीपूर्ण होता है।

### भुसावल मंडल के इतिहास में पहली बार

भुसावल मंडल के इतिहास में पहली बार मंडल स्तर पर 100 प्रतिशत समयबद्धता हासिल की गई है। इससे पहले 11 मार्च 2026 को 98.32 प्रतिशत समयबद्धता का रिकॉर्ड बना था, जिसे अब पार कर लिया गया है।

## ठाणे पुलिस का महिलाओं के लिए 'सुरक्षा कवच'

डीबीडी संवाददाता । ठाणे

विश्व महिला दिवस के उपलक्ष्य में ठाणे पुलिस की ट्रैफिक ब्रांच द्वारा एक विशेष रोड सेफ्टी कैंपेन का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे के मार्गदर्शन और डीसीपी (ट्रैफिक) पंकज शिरसाट की पहल पर, रविवार 15 मार्च को सुबह 10 बजे कापूरबावड़ी स्थित सिनेवांडर मॉल के मंथन हॉल में यह कार्यक्रम संपन्न होगा। इस अभियान के तहत फील्ड पर डटे रहने वाली महिला पत्रकारों और महिला ट्रैफिक पुलिस कर्मियों को सम्मानित करते हुए मुफ्त हेलमेट वितरित किए जाएंगे। प्रशासन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट के अनिवार्य उपयोग को प्रोत्साहित करना है।

### निशुल्क हेल्थ कैंप और बोन डेंसिटी जांच की सुविधा

सुरक्षा के साथ-साथ महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम में एक फ्री हेल्थ कैंप का भी आयोजन किया गया है। ऑर्थोपेडिक विशेषज्ञों की देखरेख में आयोजित इस शिविर में विशेष रूप से बोन डेंसिटी (हड्डियों के घनत्व) की जांच की जाएगी, जो महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण मानक है। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त डॉ. ज्ञानेश्वर चव्हाण के सहयोग से संचालित यह पहल ठाणे पुलिस की सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाती है। डीसीपी पंकज शिरसाट के अनुसार, यह कार्यक्रम न केवल महिलाओं को शारीरिक रूप से सुरक्षित महसूस कराएगा, बल्कि समाज में उनके योगदान को भी एक नई पहचान देगा।

## शास्त्रीनगर शाखा की नई कार्यकारिणी घोषित

उल्हासनगर। भारतीय बौद्ध महासभा, उल्हासनगर-3 की शास्त्रीनगर शाखा (सिद्धार्थ बुद्ध विहार) में आयोजित एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान नई कार्यकारिणी कमेटी की आधिकारिक घोषणा की गई, जिसमें चंद्रभान राम को सर्वसम्मति से अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। महासभा के शहर अध्यक्ष रोशन पगारे और जनरल सेक्रेटरी संदीप उबाले के मार्गदर्शन में संपन्न हुई इस बैठक में संगठन की मजबूती और भविष्य की रूपरेखा पर चर्चा की गई। नई टीम में त्रिभुवन रामचंद्र जैसवार को महासचिव और रवींद्रनाथ जैसवार को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है, जबकि कैलाश साबले उपाध्यक्ष और आशा गौतम सचिव के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

## 12 राशिफल में देखें अपना दिन

प्रियंका जैन
97699 94439

**मेष** कारोबारी नए अनुबंध होंगे। नई योजना बनेगी। मान-सम्मान मिलेगा। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्त्री कष्ट संभव। कलह से बचें। कार्य में सफलता, शत्रु पराजित होंगे। विवेक से कार्य बनेंगे। पेट रोग से पीड़ित होने की संभावना। वस्त्राभूषण की प्राप्ति के योग।

**वृष** बेचैनी रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। राजकीय बाधा दूर होगी। नेत्र पीड़ा की संभावना। धनलाभ एवं बुद्धि लाभ होगा। शत्रु से परेशान होंगे। अपमान होने की संभावना। कष्ट की संभावना। धनहानि। कष्ट-पीड़ा। शारीरिक पीड़ा होगी।

**मिथुन** लेनदारी वसूल होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। शत्रु भय रहेगा। व्यापार-व्यवसाय में ग्राहकी अच्छी रहेगी। नौकरी में कार्य व्यवहार, ईमानदारी की प्रशंसा होगी। मशक्कत करने से लाभ होगा। चिंता होगी।

**कर्क** प्रेम-प्रसंग में जोखिम न लें। वाहन व मशीनरी के प्रयोग में सावधानी रखें। झंझटों में न पड़ें। आगे बढ़ने के मार्ग मिलने की संभावना। शत्रु पराजित होंगे। लाभ होगा। स्वास्थ्य ठीक न हो। अनजाना भय सताएगा। राज्य से लाभ। शत्रु शांत होंगे।

**सिंह** लेन-देन में सावधानी रखें। पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। शत्रु पर विजय, हर्ष के समाचार मिलने की संभावना। कुसंग से हानि। धनागम सुखद रहेगा। प्रेमिका मिलेगी। कुछ आय होगी। माता को कष्ट रहेगा।

**कन्या** रोजगार में वृद्धि होगी। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। परिवार की चिंता रहेगी। लाभ होगा। अस्वस्थता का अनुभव करेंगे। चिंता से मुक्ति नहीं मिलेगी। शत्रु दबे रहेंगे। कलह-अपमान से बचें। संभावित यात्रा होगी। सावधानी बरतना होगी।

**तुला** यात्रा सफल रहेगी। विवाद न करें। लेन-देन में सावधानी रखें। कानूनी बाधा दूर होगी। देव दर्शन होंगे। राज्य से लाभ होने की संभावना। मातृपक्ष की चिंता। वाहन-मशीनरी का प्रयोग सावधानी से करें। धनागम की संभावना। मित्र मिलेंगे। विवाद न करें।

**वृश्चिक** भय, पीड़ा व भ्रम की स्थिति बन सकती है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। भय-पीड़ा, मानसिक कष्ट की संभावना। लाभ तथा पराक्रम ठीक रहेगा। दु:समाचार प्राप्त होंगे। हानि तथा भय की संभावना, पराक्रम से सफलता, कलहकारी वातावरण बनेगा।

**धनु** आकस्मिक व्यय से तनाव रहेगा। अपेक्षाकृत कार्यों में विलंब होगा। विवेक से कार्य करें। स्थानीय धर्मस्थल की परिवार के साथ यात्रा होगी। पार्टनर से मतभेद समाप्त होगा। नौकरी में अधिकारी का सहयोग तथा विश्वास मिलेगा।

**मकर** स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। भागदौड़ रहेगी। भूमि व भवन संबंधी योजना बनेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। धनागम सुस्त रहेगा। कार्य के प्रति अनमनापन रहेगा। दु:खद समाचार प्राप्त हो सकता है। कुछ लाभ की संभावना। चिंताएं कुछ कम होंगी।

**कुंभ** आय में वृद्धि होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। पुराने मित्र व संबंधी मिलेंगे। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। विरोध की संभावना, धनहानि, गृहस्थी में कलह, रोग से घिरने की संभावना, कुछ कार्यसिद्धि की संभावना। चिंताएं जन्म लेंगी।

**मीन** जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। घर-बाहर अशांति रह सकती है। प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा के योग बनेंगे। कुछ कष्ट होने की संभावना। लाभ के योग बनेंगे। स्त्री वर्ग को कष्ट। कुसंग से कष्ट। कलहकारक दिन रहेगा। अपनी तरफ से बात को बढ़ावा न दें।

## वैदिक ज्योतिष में बृहस्पति का व्यापक प्रभाव

प्रियंका जैन
97699 94439

वैदिक ज्योतिष में ग्रहों को केवल खगोलीय पिंड नहीं माना जाता, बल्कि उन्हें मानव जीवन की सूक्ष्म शक्तियों के प्रतीक के रूप में देखा जाता है। प्रत्येक ग्रह का अपना स्वभाव, ऊर्जा और प्रभाव होता है, जो मनुष्य के जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करता है। इन ग्रहों में गुरु का स्थान अत्यंत विशेष और महत्वपूर्ण माना गया है। गुरु को प्राकृतिक रूप से शुभ ग्रहों में सर्वोच्च माना जाता है और इसे ज्ञान, धर्म, समृद्धि तथा सदाचार का प्रतीक कहा गया है। जब किसी व्यक्ति की जन्म कुंडली में गुरु मजबूत स्थिति में होता है, तब उसका जीवन संतुलन, सम्मान और समृद्धि की दिशा में आगे बढ़ता है। यही कारण है कि वैदिक ज्योतिष में गुरु को जीवन का मार्गदर्शक और आशीर्वाद देने वाला ग्रह माना गया है।

ज्योतिष शास्त्र में गुरु को कफ प्रधान प्रकृति वाला ग्रह बताया गया है। यह ज्ञान, विवेक और विस्तार का प्रतिनिधित्व करता है। गुरु दो राशियों का स्वामी है—Sagittarius और Pisces। इन राशियों में गुरु का प्रभाव स्वाभाविक रूप से अधिक शक्तिशाली माना जाता है। वैदिक ज्योतिष के अनुसार गुरु जन्म कुंडली के नवम भाव का कारक ग्रह है, जो भाग्य, धर्म, गुरुजन, आध्यात्मिकता और जीवन के उच्च आदर्शों से जुड़ा हुआ है। वहीं Jaimini Astrology में गुरु को पुत्र कारक ग्रह के रूप में देखा जाता है, जो संतान, वंश और परिवार की निरंतरता से जुड़ा हुआ है।

राशियों के आधार पर गुरु की शक्ति भी बदलती रहती है। जब गुरु Cancer में स्थित होता है तो उसे उच्च का माना जाता है और वह अत्यंत शक्तिशाली होकर श्रेष्ठ फल प्रदान करता है। इसके विपरीत जब गुरु Capricorn में होता है तो वह नीच का माना जाता है और उसकी सकारात्मक ऊर्जा कमजोर पड़ जाती है। इसी प्रकार Taurus, Gemini, Virgo और Libra को गुरु की शत्रु राशियां माना गया है। इन राशियों में स्थित गुरु अक्सर अपनी पूर्ण शुभता प्रदर्शित नहीं कर पाता और व्यक्ति को अपेक्षित लाभ नहीं मिल पाता।

ज्योतिषीय दृष्टि से गुरु का संबंध जीवन के अनेक महत्वपूर्ण क्षेत्रों से है। यह बड़े भाई, गुरुजन, उच्च शिक्षा, ज्ञान, नैतिकता, धार्मिक ग्रंथों, आध्यात्मिक विश्वास, पुत्र सुख, दान-पुण्य और धर्म से जुड़ा हुआ ग्रह है। इसके अतिरिक्त गुरु व्यक्ति की बुद्धिमत्ता, निर्णय क्षमता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण को भी प्रभावित करता है। जिस व्यक्ति की कुंडली में गुरु मजबूत होता है, उसके भीतर सही और गलत को पहचानने की क्षमता अधिक विकसित होती है और वह जीवन में नैतिक मार्ग पर चलने का प्रयास करता है।

यदि किसी व्यक्ति की कुंडली में गुरु मजबूत और शुभ फल देने वाला हो तो उसके जीवन में अनेक सकारात्मक परिवर्तन दिखाई देते हैं। ऐसा व्यक्ति अपने परिवार के साथ सुखद जीवन व्यतीत करता है। उसे जीवनसाथी और संतान का अच्छा सहयोग और सुख प्राप्त होता है। आर्थिक दृष्टि से भी ऐसे व्यक्ति को स्थिरता और समृद्धि मिलती है। समाज में उसे सम्मान और प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। उसके भीतर ईश्वर के प्रति गहरी आस्था होती है और वह दान-पुण्य जैसे कार्यों में रुचि रखता है। ऐसे लोग अक्सर समाज में मार्गदर्शक या प्रेरणादायक व्यक्तित्व के रूप में उभरते हैं।

# उत्तराखंड: 1.11 लाख करोड़ का बजट पारित

## प्रस्तावित बजट पर सदन ने लगाई मुहर, सत्र अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी । भराड़ीसैंण

उत्तराखंड की ग्रीष्मकालीन राजधानी भराड़ीसैंण में चल रहा विधानसभा का बजट सत्र शुक्रवार को समाप्त हो गया। सत्र के अंतिम दिन सदन ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की ओर से प्रस्तुत 1,11,703 करोड़ रुपये के विनियोग विधेयक को मंजूरी दे दी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों के लिए प्रस्तावित बजट पर भी सदन की मुहर लग गई। पांचवें और अंतिम दिन की कार्यवाही प्रश्नकाल से शुरू हुई। इसके बाद शून्यकाल में सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने ध्यानाकर्षण प्रस्तावों के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्रों से जुड़े मुद्दे उठाए। नियम 58 के अंतर्गत कृषि, स्वास्थ्य और आपदा प्रबंधन से संबंधित विषयों पर कार्यस्थगन प्रस्ताव भी लाए गए। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्या ने नियम 310 के तहत भ्रष्टाचार से जुड़ा मुद्दा उठाया, जिसे बाद में नियम 58 के अंतर्गत चर्चा के लिए लिया गया। इसके बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट पर सामान्य चर्चा हुई और संसदीय कार्य मंत्री ने विभागवार अनुदान की मांगें सदन के समक्ष प्रस्तुत की।

### विपक्ष ने उठाया भ्रष्टाचार का मुद्दा

विभागवार बजट पर चर्चा के दौरान विपक्ष के नेताओं— यशपाल आर्या, प्रीतम सिंह और भुवन कपरी ने कई विभागों के बजट में कटौती करते हुए प्रतीकात्मक रूप से एक रुपये का प्रावधान करने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, सदन में बहुमत के आधार पर ये सभी कटौती प्रस्ताव अस्वीकार कर दिए गए और विभागों का बजट पारित कर दिया गया। सत्र के दौरान विधायकों की ओर से कुल 596 प्रश्न प्राप्त हुए। जिनमें 7 अल्पसूचित, 131 तारांकित और 435 अतारांकित प्रश्न शामिल थे।

### प्रमुख विभागों के लिए बजट आवंटन

बजट में विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग धनराशि निर्धारित की गई है। इनमें वित्त, कर, नियोजन और सचिवालय को लगभग 20,361 करोड़ रुपये, शिक्षा, खेल और युवा कल्याण को 13,552 करोड़ रुपये, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण को 4,546 करोड़ रुपये और पुलिस एवं जेल विभाग को 3,524 करोड़ रुपये से अधिक का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा ग्रामीण विकास, लोक निर्माण, कृषि, सिंचाई, समाज कल्याण, पर्यटन और वन जैसे विभागों को भी अलग-अलग मदों में बजट आवंटित किया गया है। विपक्ष कह रहा है कि लोकलुभावन बजट है, यह सही बात है। जनता के प्रति जो जिम्मेदारी बनती है, उसके निर्वहन की पूरी व्यवस्था की गई है। दीर्घकालिक व समावेशी विकास को बजट में व्यवस्था की गई है।रिवर्स माइग्रेशन को देखते हुए पर्यटन, कृषि, बागवानी से रोजगार दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### सदन में पूछे गए 596 प्रश्न

इनमें से 291 प्रश्नों के उत्तर सदन में दिए गए, जबकि 22 प्रश्न विभिन्न कारणों से निरस्त कर दिए गए। विनियोग विधेयक ध्वनिमत से पास इसके बाद विनियोग विधेयक पर चर्चा हुई और देर रात करीब साढ़े बारह बजे इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। बजट में वित्त एवं नियोजन विभाग के साथ-साथ शिक्षा, खेल और युवा कल्याण विभाग को सबसे अधिक धनराशि आवंटित की गई है। विनियोग विधेयक पारित होने के बाद विधानसभा अध्यक्ष Ritu Khanduri Bhushan ने सदन की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी।

### पांच दिन के सत्र में 11 विधेयक पारित

विधानसभा का बजट सत्र 9 मार्च से शुरू होकर 13 मार्च तक चला। इस दौरान राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही चार अध्यादेश सदन के पटल पर रखे गए और कुल 11 विधेयक पारित किए गए। सत्र के दौरान विधानसभा की कुल कार्यवाही लगभग 41 घंटे 10 मिनट तक चली, जबकि करीब 1 घंटा 20 मिनट व्यवधान की भेंट चढ़ा। सत्र का सबसे लंबा दिन 13 मार्च रहा, जब सदन की कार्यवाही लगभग 12 घंटे से अधिक समय तक चली औपांच दिन के सत्र में 11 विधेयक पारितर रात 12:30 बजे तक जारी रही। बजट में विभिन्न विभागों के लिए अलग-अलग धनराशि निर्धारित की गई है।

# सैयद अता हसनैन ने राज्यपाल पद की शपथ ली

## सेना में बतौर लेफ्टीनेंट जनरल सेवा दे चुके हसनैन बने 43वें राज्यपाल

## उच्च न्यायालय के चीफ जस्टिस ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

एजेंसी । पटना

सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी सैयद अता हसनैन ने शनिवार को बिहार के नए राज्यपाल के रूप में पद और गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। पटना स्थित लोक भवन में आयोजित समारोह में पटना हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश संग्राम सिंह साहू ने उन्हें शपथ दिलाई। सैयद अता हसनैन बिहार के 43वें राज्यपाल बने हैं। वह गुरुवार को ही पटना पहुंच गए थे। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार उनकी नियुक्ति को केवल संवैधानिक पद पर बदलाव के रूप में ही नहीं, बल्कि एक महत्वपूर्ण संदेश के रूप में भी देखा जा रहा है।

### चार दशक तक की देश की सेवा

करीब चार दशकों तक भारतीय सेना में सेवा दे चुके हसनैन अपनी रणनीतिक सोच और नेतृत्व क्षमता के लिए जाने जाते हैं। अपने सैन्य जीवन के दौरान उन्होंने कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभालीं, विशेष रूप से जम्मू-कश्मीर जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में। सुरक्षा, कूटनीति और सामाजिक सहभागिता को साथ लेकर चलने की उनकी कार्यशैली ने उन्हें अलग पहचान दिलाई। कश्मीरी युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ा उनके नेतृत्व में सेना द्वारा कई सामाजिक कार्यक्रम भी संचालित किए गए, जिनका उद्देश्य युवाओं को शिक्षा, खेल और रोजगार से जोड़ना था।

# हेल्पलाइन 181: 8.42 लाख महिलाओं ने मांगी मदद

एजेंसी । लखनऊ

उत्तर प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार की पहल का असर अब साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में संचालित 181 Women Helpline के माध्यम से अब तक 8.42 लाख से अधिक महिलाओं और बालिकाओं को विभिन्न प्रकार की सहायता प्रदान की जा चुकी है। इस व्यवस्था के चलते महिलाएं अब आपात स्थिति में बिना झिझक अपनी बात रख पा रही हैं। अधिकारियों का कहना है कि हेल्पलाइन की सक्रियता से न केवल महिलाओं को त्वरित राहत मिल रही है, बल्कि उनमें आत्मविश्वास भी बढ़ रहा है। इससे प्रदेश में महिला सुरक्षा को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता भी मजबूत होती दिखाई दे रही है। 2017 में शुरू हुई हेल्पलाइन सेवा राज्य सरकार की ओर से दी गई जानकारी के अनुसार वर्ष 2017 से शुरू हुई यह टोल-फ्री हेल्पलाइन प्रदेशभर में 24 घंटे सक्रिय रहती है और संकट की स्थिति में फंसी महिलाओं को तुरंत सहायता और परामर्श उपलब्ध कराती है।

# अन्नपूर्णा मंदिर का अन्न क्षेत्र बंद, रेस्त्रा में नहीं जले चूल्हे

एजेंसी । वाराणसी

शहर में एलपीजी सिलेंडरों की कमी का असर अब धार्मिक और व्यावसायिक गतिविधियों पर भी दिखने लगा है। गैस की अनुपलब्धता के कारण शनिवार को बांसफाटक स्थित अन्नपूर्णा मंदिर के अन्न क्षेत्र को बंद रखना पड़ा, जिससे प्रसाद वितरण की व्यवस्था प्रभावित रही।

### एलपीजी पर निर्भर भोजन प्रसाद की व्यवस्था

श्रद्धालुओं ने इस स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि देश में एलपीजी की आपूर्ति जल्द सामान्य की जानी चाहिए।

### नहीं बन रही बनारसी कचौड़ी-सब्जी

बनारसी कचौड़ी के संचालक दीपक ने बताया कि पिछले दो दिनों से गैस सिलेंडर की भारी कमी बनी हुई है। बाजार में सिलेंडर ऊंचे दामों पर मिल रहे हैं, जिसके कारण कचौड़ी, सब्जी और जलेबी बनाने का काम अस्थायी रूप से बंद करना पड़ा है।

# ... तो दलितों, वंचितों को अलग मंच की जरूरत नहीं पड़ती: मायावती

## कांग्रेस की नीतियों और बदनीयती के कारण कांशीरम ने रखी बसपा की नींव

## कांग्रेस ने संविधान की भावना के अनुरूप लागू नहीं की नीतियां

एजेंसी । लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि यदि कांग्रेस ने संविधान के समतामूलक और कल्याणकारी उद्देश्यों को ईमानदारी से लागू किया होता तो कांशीराम को बहुजन समाज पार्टी की स्थापना करने की आवश्यकता नहीं पड़ती। शनिवार को जारी एक बयान में मायावती ने कहा कि यदि बीआर अंबेडकर और कांशीराम के सामाजिक न्याय के मिशन के प्रति।

### शोक घोषित करना भी जरूरी नहीं समझा

बसपा प्रमुख ने यह भी आरोप लगाया कि लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रहने के बावजूद कांग्रेस ने डॉ. आंबेडकर को समय पर भारत रत्न से सम्मानित नहीं किया। उन्होंने कहा कि कांशीराम के निधन के समय भी तत्कालीन केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शोक घोषित नहीं किया।

### कई जिलों, संस्थाओं के बदले गए नाम

मायावती ने यह भी कहा कि कई स्थानों पर महापुरुषों के नाम पर स्थापित शिक्षण संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और जिलों के नाम बदलने की घटनाएं हुईं, जो सामाजिक न्याय के विचारों के प्रति असंवेदनशीलता को दर्शाती हैं। उन्होंने पदोन्नति में आरक्षण से जुड़े विधेयक को लेकर भी सवाल उठाते हुए कहा कि संसद में उसे समर्थन देने के बजाय विरोध क्यों किया गया। राजनीतिक दलों ने किया नाम का इस्तेमाल उन्होंने आरोप लगाया कि विभिन्न राजनीतिक दल और संगठन समय-समय पर दलित समाज के नाम का उपयोग करके अपनी राजनीतिक जमीन मजबूत करने का प्रयास करते रहे हैं।

# हाईकोर्ट: संभल के डीएम-एसपी को फटकार

## नमाजियों की संख्या सीमित करने के आदेश पर हाईकोर्ट सख्त

एजेंसी । प्रयागराज/संभल

रमज़ान के दौरान मस्जिद में नमाज़ पढ़ने वालों की संख्या सीमित करने के मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ी टिप्पणी की है। अदालत ने प्रशासनिक अधिकारियों को फटकार लगाते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है और यदि अधिकारी ऐसा करने में सक्षम नहीं हैं।

### प्रशासन का तर्क संतोषजनक नहीं

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अदालत ने प्रशासन के तर्कों को संतोषजनक नहीं माना। कोर्ट ने यह भी कहा कि अभी तक मस्जिद या नमाज़ स्थल से संबंधित कोई तस्वीर अदालत में प्रस्तुत नहीं की गई है। बताया गया है कि हयातनगर गांव की आबादी करीब 2700 से अधिक है।

### प्रशासन के प्रतिबंध पर जताई आपत्ति

इस आदेश के खिलाफ याचिकाकर्ता ने 18 जनवरी 2026 को हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की। मामले की पहली सुनवाई 27 फरवरी को हुई थी और शनिवार को अदालत का आदेश वेबसाइट पर अपलोड किया गया। अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 16 मार्च को तय की है। प्रशासन द्वारा लगाए गए प्रतिबंध से धार्मिक गतिविधियां प्रभावित हो रही हैं।

# राजौली के जंगल से एके-47 बरामद

एजेंसी । नवादा

बिहार के नवादा जिले में पुलिस और विशेष कार्य बल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों का बड़ा जखीरा बरामद किया है। इस दौरान एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके कुछ साथी मौके से फरार होने में सफल रहे। नवादा के पुलिस अधीक्षक अभिनव अधिमान्य ने शनिवार को बताया कि जिले के राजौली थाना क्षेत्र के जंगलों में अवैध हथियार छिपाकर रखे जाने की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने छापेमारी की। इस अभियान में स्थानीय पुलिस के साथ स्पेशल टास्क फोर्स बिहार की टीम भी शामिल थी।

## व्यापार जगत

# वैश्विक बाजार में ब्राजील ने बढ़ाई चीनी की सप्लाई

# अंतरराष्ट्रीय बाजार में भाव गिरे, भारत में स्थिर

एजेंसी । । नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में चीनी की कीमतों पर इन दिनों दबाव बना हुआ है। इसकी मुख्य वजह ब्राजील से अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ी हुई आपूर्ति मानी जा रही है। हालांकि, भारत में उत्पादन, मांग और एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम के चलते चीनी उद्योग की स्थिति फिलहाल संतुलित बनी हुई है। रेटिंग एजेंसी आईसीआरए लिमिटेड की ताजा रिपोर्ट में यह आकलन सामने आया है। रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतें उत्पादन लागत और भारत के घरेलू मूल्यों से भी नीचे चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय बाजार में चीनी की कीमतें उत्पादन लागत और भारत के घरेलू मूल्यों से भी नीचे चल रही हैं। इसकी प्रमुख वजह Brazil से बढ़ा हुआ निर्यात और अधिशेष उत्पादन है।

आंकड़ों के मुताबिक फरवरी 2026 में कच्ची चीनी की कीमत घटकर 313 डॉलर प्रति मीट्रिक टन रह गई, जबकि फरवरी 2025 में यह 445 डॉलर प्रति मीट्रिक टन थी। इसी तरह सफेद चीनी की कीमत भी एक साल पहले के 532 डॉलर प्रति मीट्रिक टन से घटकर फरवरी 2026 में 408 डॉलर प्रति मीट्रिक टन पर आ गई। सफेद और कच्ची चीनी के बीच प्रीमियम फरवरी 2026 में 95 डॉलर प्रति मीट्रिक टन दर्ज किया गया, जो पिछले वर्ष इसी अवधि में 87 डॉलर प्रति मीट्रिक टन था। वैश्विक उत्पादन के बारे में रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि शुगर सीजन 2025-26 में दुनिया भर में चीनी उत्पादन

लगभग 189.3 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है, जो पिछले वर्ष की तुलना में करीब 5 प्रतिशत अधिक है। के तीसरे अग्रिम अनुमान के अनुसार शुगर सीजन 2026 में देश का सकल चीनी उत्पादन 9.4 प्रतिशत बढ़कर 32.41 मिलियन मीट्रिक टन तक पहुंच सकता है, जबकि पिछले वर्ष यह 29.6 मिलियन मीट्रिक टन था। अनुमान है कि कुल उत्पादन में से लगभग 3.1 मिलियन मीट्रिक टन चीनी एथेनॉल उत्पादन के लिए इस्तेमाल होगी।

### 3.1 मिलियन मीट्रिक टन से बनेगा एथेनाल

इसके बाद देश का शुद्ध चीनी उत्पादन लगभग 29.3 मिलियन मीट्रिक टन रहने की संभावना है। यदि घरेलू खपत 28.3 मिलियन मीट्रिक टन और निर्यात 0.7 मिलियन मीट्रिक टन रहता है तो सीजन के अंत में देश में चीनी का भंडार करीब 5.6 मिलियन मीट्रिक टन रह सकता है, जो लगभग दो महीने की खपत के बराबर होगा।डिस्टिलरी कारोबार का प्रदर्शन संतोषजनक आईसीआरए के अनुसार एकीकृत चीनी मिलों का ऑपरेटिंग मार्जिन वित्त वर्ष 2026 में 10 से 10.5 प्रतिशत के बीच रह सकता है, जबकि पिछले वर्ष यह 9.6 प्रतिशत था। बेहतर गन्ना उपलब्धता, घरेलू बाजार में स्थिर चीनी कीमतें और डिस्टिलरी कारोबार के संतोषजनक प्रदर्शन से उद्योग को सहारा मिल रहा है।

### डिस्टिलरी कारोबार का प्रदर्शन संतोषजनक

भारत में एथेनॉल मिश्रण कार्यक्रम भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। वर्ष 2026 के शुरुआती तीन महीनों में एथेनॉल ब्लेंडिंग अनुपात लगभग 19.98 प्रतिशत तक पहुंच गया। इस अवधि में कुल 239 करोड़ लीटर एथेनॉल पेट्रोल में मिलाया गया, जिसमें जनवरी 2026 में अकेले 59.2 करोड़ लीटर शामिल था। केंद्र सरकार ने बढ़ाई एफआरपी इस बीच गन्ना किसानों के हित में केंद्र सरकार ने शुगर सीजन 2026 के लिए फेयर एंड रेम्यूनरेटिव प्राइस (एफआरपी) में 15 रुपये की वृद्धि कर इसे 355 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है।

# मोजाम्बिक में कोकिंग कोयला निकालेगी भारतीय कंपनी

## जेएसडब्ल्यू स्टील चरणबद्ध तरीके से विकसित करेगी खदान

एजेंसी । । नई दिल्ली

देश की प्रमुख इस्पात उत्पादक कंपनी JSW Steel ने अफ्रीकी देश Mozambique में कोकिंग कोयले की एक खदान विकसित करने की योजना की घोषणा की है। कंपनी के अनुसार यह परियोजना "मिनास डी रेवुबोए" नामक खदान से जुड़ी है, जो मोजाम्बिक के Tete Province के मोआटाइज कोयला क्षेत्र में स्थित है। कंपनी द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक इस खदान का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। अनुमान है कि इस क्षेत्र में लगभग 85 करोड़ टन कोयले का भंडार मौजूद है, जिसमें करीब 25 करोड़ टन उच्च गुणवत्ता वाला कोकिंग कोल शामिल है।

### 85 करोड़ टन कोयले का भंडार मौजूद

कंपनी द्वारा जारी जानकारी के मुताबिक इस खदान का विकास चरणबद्ध तरीके से किया जाएगा। अनुमान है कि इस क्षेत्र में लगभग 85 करोड़ टन कोयले का भंडार मौजूद है, जिसमें करीब 25 करोड़ टन उच्च गुणवत्ता वाला कोकिंग कोल शामिल है। यह कोयला इस्पात उत्पादन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण कच्चा माल माना जाता है। जेएसडब्ल्यू स्टील ने बताया कि परियोजना के पहले चरण को लगभग ढाई वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

### भारत में कोकिंग कोयले का सीमित भंडार

कंपनी के अनुसार यह पहल उसकी दीर्घकालिक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत इस्पात निर्माण के लिए आवश्यक प्रमुख कच्चे माल की आपूर्ति को सुरक्षित और स्थिर बनाना लक्ष्य है। इससे उत्पादन लागत को नियंत्रित रखने और कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करने में मदद मिलने की उम्मीद है।विशेषज्ञों के अनुसार भारत में उच्च गुणवत्ता वाले कोकिंग कोयले के सीमित भंडार हैं। इसी कारण भारतीय इस्पात कंपनियां विदेशों में खदानों में निवेश कर दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं।

# एयरलाइंस ने यात्रियों पर बढ़ाया फ्यूल सरचार्ज

## मध्य पूर्व तनाव का असर, महंगा हुआ विमान ईंधन

एजेंसी । नई दिल्ली

मध्य पूर्व में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच अंतरराष्ट्रीय बाजार में विमानन ईंधन (एटीएफ) की कीमतों में तेज बढ़ोतरी देखी जा रही है। बढ़ती लागत के दबाव के चलते देश की प्रमुख विमानन कंपनियों ने अब अतिरिक्त खर्च का बोझ यात्रियों पर डालना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में Akasa Air ने भी अपने टिकटों पर फ्यूल सरचार्ज लागू करने की घोषणा की है।

### दूरी और रूट के आधार पर सरचार्ज

कंपनी के मुताबिक फ्यूल सरचार्ज उड़ान की दूरी और रूट के आधार पर तय किया गया है। इसके तहत यात्रियों को प्रति टिकट 199 रुपये से लेकर 1300 रुपये तक अतिरिक्त भुगतान करना पड़ सकता है। यानी यात्रा जितनी लंबी होगी, ईंधन शुल्क उतना ही अधिक देना होगा।

### इंडिगो ने की शुल्क बढ़ाने की घोषणा

इससे पहले IndiGo ने भी 14 मार्च की रात 12:01 बजे से अपने सभी घरेलू और अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर ईंधन शुल्क लागू करने की घोषणा की थी। नए शुल्क ढांचे के अनुसार भारत और भारतीय उपमहाद्वीप के रूटों पर 425 रुपये, मध्य पूर्व के लिए 900 रुपये, दक्षिण-पूर्व एशिया और चीन के लिए 1800 रुपये तथा यूरोप जाने वाली उड़ानों पर 2300 रुपये तक अतिरिक्त शुल्क लिया जाएगा।

# NMDC ने उत्पादन में बनाया रिकार्ड

## एक वित्त वर्ष में 50 मिलियन टन लौह अयस्क का किया उत्पादन

एजेंसी । हैदराबाद

सार्वजनिक क्षेत्र की खनन कंपनी NMDC Limited ने लौह अयस्क उत्पादन के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान 50 मिलियन टन (एमटी) लौह अयस्क उत्पादन का आंकड़ा पार कर लिया है, जो देश की किसी भी खनन कंपनी द्वारा हासिल की गई महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस उपलब्धि के साथ नवरत्न दर्जा प्राप्त एनएमडीसी देश की पहली खनन कंपनी बन गई है जिसने एक वित्तीय वर्ष से भी कम समय में 50 मिलियन टन उत्पादन का स्तर हासिल किया है। भारत में लौह अयस्क उत्पादन करने वाली अन्य कंपनियों मेंभी शामिल है।

### भारत की इस्पात उत्पादन क्षमता

इस बीच शेयर बाजार में कंपनी के प्रदर्शन की बात करें तो शुक्रवार को BSE Sensex में मजबूती के बावजूद एनएमडीसी के शेयर में गिरावट दर्ज की गई। 13 मार्च को कंपनी का शेयर 80.86 रुपये पर बंद हुआ था, जबकि अगले दिन कारोबार के दौरान यह 80.56 रुपये पर खुला और उतार-चढ़ाव के बाद 78.55 रुपये पर बंद हुआ, जो पिछले सत्र की तुलना में लगभग 2.86 प्रतिशत की गिरावट को दर्शाता है।

# मनाप्पुरम फाइनेंस पर 2.70 लाख का जुर्माना

एजेंसी । मुंबई

केंद्रीय बैंक रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) ने नियामकीय निर्देशों के उल्लंघन के मामले में गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी पर 2.70 लाख रुपये का मौद्रिक जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई नियामकीय प्रावधानों के अनुपालन में पाई गई कमियों के कारण की गई है।आरबीआई की ओर से जारी बयान में बताया गया कि कंपनी द्वारा कुछ निर्देशों का पालन न किए जाने के संबंध में पहले उसे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में कंपनी से पूछा गया था कि निर्देशों का पालन न करने के लिए उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई क्यों न की जाए।

# टी-20 विश्व कप विजेता टीम का आज होगा सम्मान

## नमन पुरस्कार समारोह

एजेंसी । मुंबई

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) रविवार को यहां होने वाले अपने वार्षिक 'नमन पुरस्कार समारोह' के दौरान टी-20 विश्व कप जीतकर इतिहास रचने वाली सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली भारतीय टीम को सम्मानित करेगा। बोर्ड ने शनिवार को घोषणा की कि नमन पुरस्कार-2026 का मुख्य आकर्षण हाल में आईसीसी खिताब जीतने वाली सभी पांच भारतीय टीमों को सम्मानित करना होगा। गौतम गंभीर की कोचिंग वाली टीम 8 मार्च को अहमदाबाद में खेले गए फाइनल में न्यूजीलैंड को 96 रन से हराकर तीन बार टी-20 विश्व कप जीतने और खिताब बचाने वाली दुनिया की पहली टीम बन गई। यही नहीं, वह घरेलू मैदान पर टी-20 विश्व कप जीतने वाली दुनिया की पहली टीम भी बन गई। इस समारोह में उन अन्य भारतीय टीमों को भी सम्मानित किया जाएगा जिन्होंने हाल के दिनों में आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं।बीसीसीआई ने इसके साथ ही कुछ व्यक्तिगत पुरस्कारों की भी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की, हालांकि इनके बारे में इस सप्ताह की शुरुआत में पहले ही पता चल गया था।

### गिल और मंधाना सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर

भारत के टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल को 2024-25 सत्र के लिए सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर (पुरुष) का पॉली उमरीगर पुरस्कार मिलेगा। महिला वर्ग में स्मृति मंधाना को अपने करियर में पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा।पुरस्कार पाने वाले अन्य खिलाड़ियों में इरा जाधव को सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर (घरेलू) के लिए जगमोहन डालमिया ट्रॉफी दी जाएगी जबकि शेफाली वर्मा को सीनियर घरेलू एकदिवसीय टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर के रूप में सम्मानित किया जाएगा।

### ये टीमें भी होंगी सम्मानित

- 2025 में वनडे विश्व कप जीतने वाली सीनियर महिला टीम
- 2025 में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली पुरुष टीम
- 2026 में अंडर-19 विश्व कप जीतने वाली टीम
- 2025 में अंडर-19 टी-20 विश्व कप जीतने वाली महिला टीम

### बिन्नी-द्रविड़ को लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार

पूर्व दिग्गज रोजर बिन्नी और राहुल द्रविड़ को बोर्ड के सर्वोच्च सम्मान कर्नल सीके नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज को बीसीसीआई का महिला लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिलेगा। बिन्नी भारत की 1983 क्रिकेट विश्व कप विजेता टीम के सदस्य और टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज थे। उन्होंने बाद में कोच, चयनकर्ता और 2022 से 2025 तक बीसीसीआई अध्यक्ष के रूप में खेल की सेवा की।

### इन्हें भी पुरस्कार

आयुष म्हात्रे को घरेलू सीमित ओवरों की प्रतियोगिताओं में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर के लिए लाला अमरनाथ पुरस्कार मिलेगा। विदर्भ के हर्ष दुबे को रणजी ट्रॉफी में सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंडर का पुरस्कार दिया जाएगा।

## मुजारबानी के खिलाफ कार्रवाई करने की तैयारी में पीसीबी

एजेंसी । लाहौर

पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) जिम्बाब्वे के तेज गेंदबाज ब्लेसिंग मुजारबानी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। मुजारबानी ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) की टीम इस्लामाबाद यूनाइटेड से किया गया अनुबंध तोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की फ्रेंचाइज़ी कोलकाता नाइट राइडर्स के साथ नया करार कर लिया है।

### कानूनी विभाग को निर्देश

सूत्रों के अनुसार पीसीबी ने अपने कानूनी विभाग को मुजारबानी के खिलाफ मामला दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए हैं। बोर्ड का मानना है कि खिलाड़ी ने पीएसएल फ्रेंचाइज़ी के साथ किए गए अनुबंध का उल्लंघन किया है।

### पीएसएल और आईपीएल के टकराते शेड्यूल

सूत्रों का कहना है कि पिछले साल से आईपीएल और पीएसएल का आयोजन लगभग एक ही समय पर हो रहा है, जिससे दोनों लीग के कार्यक्रम आपस में टकरा रहे हैं। ऐसे में कई विदेशी खिलाड़ियों के सामने दोनों लीगों के बीच चयन करने की स्थिति बन रही है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### मन्नेपल्ली हारे, स्विस ओपन में भारतीय चुनौती खत्म

**बासेल।** भारत के थारुन मन्नेपल्ली स्विस ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हारकर बाहर हो गए हैं। इसके साथ ही टूर्नामेंट में भारत की चुनौती भी समाप्त हो गई। इंडोनेशिया के एंथोनी सिनिसुका गिंटिंग ने शुक्रवार देर रात हुए मुकाबले में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर काबिज भारतीय खिलाड़ी को 21-19, 19-21, 21-13 से शिकस्त दे दी। गिंटिंग पिछले साल पीठ की समस्या से परेशान रहे थे और वह इस चोट से उबरकर वापसी कर रहे हैं। इससे पहले शुक्रवार को सात्विक साइराज रांकीरेड्डी को चोट के कारण उनकी और चिराग शेट्टी की जोड़ी क्वार्टर फाइनल से हट गई थी।

### सबालेंका-रायबाकिना में होगा खिताबी मुकाबला

**इंडियन वेल्स।** दो बार उपविजेता रह चुकीं आर्यना सबालेंका इंडियन वेल्स टूर्नामेंट में अपने पहले खिताब के लिए रविवार को एलेना रायबाकिना से भिड़ेंगी। सबालेंका ने सेमीफाइनल में लिंडा नोस्कोवा को और रायबाकिना ने एलिना स्वितोलिना को हराया। सबालेंका ने शुक्रवार को जीत हासिल करके 2026 में अपना रिकॉर्ड 12-1 कर लिया। उन्होंने लगातार छठी बार किसी डब्ल्यूटीए टूर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। सबालेंका को 2026 में एकमात्र हार ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में रायबाकिना से मिली थी। सबालेंका निश्चित रूप से उस हार का बदला लेने के साथ इंडियन वेल्स के फाइनल में अपने 0-2 के रिकॉर्ड में सुधार करना चाहेगी।

## महिला एशियाई कप

# ताइवान को हरा चीन सेमीफाइनल में

एजेंसी । पर्थ

चीन महिला फुटबॉल टीम ने ताइवान महिला फुटबॉल टीम को 2-0 से हराकर महिला एशियाई कप फुटबॉल के सेमीफाइनल में जगह बना ली। इस जीत के साथ चीन ने अगले वर्ष होने वाले महिला विश्व कप के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। मैच के निर्धारित 90 मिनट तक दोनों टीमों के बीच कोई गोल नहीं हो सका।

### सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया से मुकाबला

सेमीफाइनल में अब चीन का सामना ऑस्ट्रेलिया महिला फुटबॉल टीम से होगा। ऑस्ट्रेलिया ने शुक्रवार को उत्तर कोरिया महिला फुटबॉल टीम को 2-1 से हराकर अंतिम चार में जगह बनाई थी। टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली चारों टीमों को सीधे अगले साल फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने का मौका मिलता है, जो 2027 में ब्राजील में आयोजित किया जाएगा।

अतिरिक्त समय के तीसरे ही मिनट में चीन की खिलाड़ी शाओ जिकिन ने शानदार गोल कर टीम को बढ़त दिलाई। इसके बाद अंत में ताइवान की ओर से हुए एक आत्मघाती गोल के कारण चीन की बढ़त 2-0 हो गई।

## दिल्ली कैपिटल्स के मेंटोर के पद से हटे पीटरसन

एजेंसी । नई दिल्ली

पिछले साल दिल्ली कैपिटल्स में मेंटोर (मार्गदर्शक) की भूमिका निभाने वाले इंग्लैंड के पूर्व कप्तान केविन पीटरसन पद से हट गए हैं। उन्होंने शनिवार को कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आने वाले सत्र में यह भूमिका नहीं निभा पाएंगे। आईपीएल 2026 की शुरुआत 28 मार्च को हो रही है और गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में सनराइजर्स हैदराबाद की मेजबानी करेगा।

पीटरसन ने 'एक्स' कहा, मैं इस आईपीएल सत्र में दिल्ली कैपिटल्स का मेंटोर नहीं बन सकता। मैं इस काम के लिए जरूरी समय नहीं दे सकता।

## आज महालक्ष्मी रेसकोर्स पर 'घोड़े और किस्मत दोनों दौड़ेगें'

एजेंसी । बी डी यादव

उद्योगपति जवारे पूनावाला द्वारा प्रायोजित महालक्ष्मी रेसकोर्स पर रविवार को एक यादगार शाम का आयोजन किया जा रहा है। थीम 'घोड़े और किस्मत दोनों दौड़ेंगे' पर आधारित यह कार्यक्रम घुड़दौड़ प्रेमियों के लिए रोमांच, प्रतिस्पर्धा और मनोरंजन का अनोखा संगम लेकर आया है। घुड़दौड़ के कठिन मुकाबलों के बीच दर्शकों के लिए कई निःशुल्क पुरस्कार जीतने के रोमांचक अवसर हैं, जो इस थीम को सार्थक बनाते हैं। सत्र के 17वें दिन आयोजित कुल दस दौड़ों में लगभग 80 घोड़े मैदान में उतरेंगे। इनमें अनुभवी और नामी घोड़ों के साथ-साथ नवोदित घोड़ों की भी भागीदारी सुनिश्चित की गई है, जो घुड़दौड़ों को और भी उत्साहपूर्ण बनाएगी। मुख्य दौड़ पूनावाला स्टड फॉर्म्स ऑक्शन सेल्स स्टेक्स में 11 तीन वर्षीय घोड़े हिस्सा ले रहे हैं। कुल एक करोड़ ईनामी राशि वाली दौड़ जीतने के लिए इन्विक्टर, गनफॉयर और मिस्टिका में सीधी टक्कर है। वरिष्ठ सवार ट्रेवर पटेल की सवारी में




इन्विक्टर का पलड़ा भारी नजर आ रहा है और उसके जीत की संभावना है। पहली दौड़ शाम चार बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैं।

## बॉलीवुड

# पत्रलेखा की फिल्म में नजर आएंगे राजकुमार राव और कीर्ति सुरेश

अभिनेता राजकुमार राव अब पहली बार साउथ की मशहूर अभिनेत्री कीर्ति सुरेश के साथ किसी फिल्म में नजर आएंगे। दोनों एक धमाकेदार थ्रिलर ड्रामा के लिए एक साथ आ रहे हैं। इस फिल्म की सबसे खास बात ये है कि इसे राजकुमार की पत्नी और अभिनेत्री पत्रलेखा प्रोड्यूस कर रही हैं। ये उनके प्रोडक्शन में बनी पहली फिल्म होगी।

इस ताजी कास्टिंग ने प्रशंसकों के बीच फिल्म को लेकर उत्सुकता बढ़ा दी है। 'रफ्तार' 24 जुलाई, 2026 को सिनेमाघरों में आएगी। आदित्य निंबालकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म का निर्माण पत्रलेखा ने 'कांपा फिल्म' के बैनर तले किया है।इसकी कहानी महत्वाकांक्षा, प्यार और लालच के इर्द-गिर्द बुनी गई है। ये एक ऐसे जुनूनी आदमी और महत्वाकांक्षी महिला का सफर दिखाती है, जो एक तेजी से बढ़ते स्टार्टअप के जरिए अपना साम्राज्य खड़ा करना चाहते हैं, लेकिन जैसे-जैसे पैसा और पावर बढ़ती है, जीत की भूख प्यार के आड़े आने लगती है। रोहन नरूला ने फिल्म की कहानी लिखी है।

# आर माधवन के नाम पर फर्जीवाड़ा

अभिनेता आर माधवन ने सोशल मीडिया पर अपने प्रशंसकों के लिए एक महत्वपूर्ण 'फ्रॉड अलर्ट' जारी किया है। माधवन ने एक फर्जी अकाउंट का पर्दाफाश करते हुए साफतौर पर कहा है कि ये व्यक्ति न तो उनसे और ना ही उनकी टीम से किसी भी तरह से जुड़ा है। उन्होंने प्रशंसकों को आगाह किया है कि कोई भी अन्य व्यक्ति या अकाउंट उनकी ओर से बात करने के लिए अधिकृत नहीं है। माधवन ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए प्रशंसकों को एक फर्जी अकाउंट के बारे में चेतावनी दी है। उन्होंने खुलासा किया कि कोई व्यक्ति उनके नाम का गलत इस्तेमाल कर लोगों से संपर्क साधने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर उस फर्जी अकांउट का एक स्क्रीनशॉट साझा कर लिखा, 'ये व्यक्ति किसी भी तरह से मुझसे या मेरी टीम से नहीं जुड़ा है। ये पूरी तरह से एक फर्जी अकाउंट है, कृपया इससे सावधान रहें।' माधवन ने लिखा, 'इंस्टाग्राम या किसी भी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मेरे आधिकारिक अकाउंट के अलावा कोई भी दूसरा अकाउंट न तो मेरा प्रतिनिधित्व करता है और ना ही मेरी ओर से बात करता है।



# 'गोलमाल 5' में अक्षय की एंट्री



निर्माता-निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी सबसे सफल फ्रेंचाइज 'गोलमाल' की पांचवीं फिलम 'गोलमाल 5' की घोषणा कर दी है। इसकी घोषणा करते हुए रोहित ने एक लंबा नोट लिखा है, साथ ही एक मजेदार वीडियो भी साझा किया है। सबसे खास बात ये है कि इस वीडियो में मेकर्स ने फैंस को एक बड़ा सरप्राइज भी दिया है। रोहित शेट्टी ने फिल्म की घोषणा करते हुए अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट साझा की। इस पोस्ट में उन्होंने एक लंबा नोट लिखते हुए एक मजेदार वीडियो साझा किया है। इस वीडियो में फिल्म की प्रमुख कास्ट नजर आ रही है, जिसमें अजय देवगन, अरशद वारसी, तुषार कपूर, श्रेयस तलपड़े और कुणाल खेमू नजर आ रहे हैं। वीडियो में फिल्म की शूटिंग के कुछ सीन शामिल है। वीडियो के अंत में जब पूरी कास्ट एक साथ होती है, तो अजय देवगन एक सरप्राइज की बात करते हैं, तभी पहली गोलमाल 'गोलमाल फन अनलिमिटेड' का हिस्सा रहे शरमन जोशी की एंट्री होती है। सभी को लगता है कि वो ही इस बार का सरप्राइज हैं। लेकिन ऐसा नहीं है। 'गोलमाल 5' में असल सरप्राइज शरमन जोशी नहीं बल्कि अक्षय कुमार हैं। जी हां, गोलमाल फ्रेंचाइज में अब अक्षय कुमार की भी एंट्री हो गई है। रोहित द्वारा शेयर किए गए वीडियो में अंत में अक्षय कुमार की एंट्री होती है। अक्षय फिल्म में बिल्कुल अलग लुक में नजर आएंगे। वीडियो में अक्षय काले रंग का तहमद और कुर्ता पहने बाल्ड लुक में नजर आए। बिना बालों के अक्षय को देखकर अजय देवगन और रोहित शेट्टी भी हंसते दिखाई दिए। अक्षय कुमार की एंट्री और शरमन जोशी की वापसी के बाद अब गोलमाल 5 के और भी रोचक होने की उम्मीद है।

# तनुश्री दत्ता ने फिर बोला बॉलीवुड पर हमला

बॉलीवुड की 'मी टू' लहर की शुरुआत करने वाली अभिनेत्री तनुश्री दत्ता ने फिर बॉलीवुड के काले सच को उजागर किया है। उन्होंने मनोरंजन जगत के भीतर होने वाले शोषण पर बेहद गंभीर दावे किए हैं। उनका कहना है कि ग्लैमर की इस दुनिया में आने वाले कई मासूम नए कलाकारों का न केवल इस्तेमाल किया जाता है, बल्कि उनका इस हद तक मानसिक और शारीरिक शोषण होता है कि वे अंत में वेश्यावृत्ति के दलदल में फंस जाते हैं। तनुश्री ने कहा कि अगर कोई हैंडसम या सुंदर हो तो उसे तुरंत चने के झाड़ पर चढ़ा दिया जाता है। उसमें असल प्रतिभा है या नहीं, ये कोई नहीं देखता। हर किसी को कोई न कोई तारीफ करने वाला मिल जाता है, बड़े स्टार जो कह देता है आप हीरोइन बनोगे या में अक्सर बनोगे। तनुश्री के अनुसार, बॉलीवुड को 'मीटिंग्स' के नाम पर नए कलाकारों भेज गलत जगहों या गलत लोगों के पास ₹जब दिया जाता है। तनुश्री ने कहा, कोई आपकी लगातार तारीफ करता है, तो आप उस पर भरोसा करने लगते हैं। इसी भरोसे का फायदा उठाकर बहकाने का खेल शुरू होता है।₹ तनुश्री ने 'संयम' शब्द का इस्तेमाल कर यह साफ किया है कि इस चकाचौंध में बहकना बहुत आसान है, इसलिए खुद पर काबू रखना और सही-गलत की पहचान करना सबसे जरूरी है। तनुश्री ने कहा कि इंडस्ट्री में 'चॉकलेट' का मतलब मिठाई नहीं, बल्कि महत्वाकांक्षा और बड़े सपनों का लालच है।

## अभी तक ईरान युद्ध नहीं जीत पाया अमेरिका

# ईरान की 'ड्रोन' शक्ति और होर्मुज की नाकेबंदी में फंस गए ट्रंप

### परमाणु ठिकानों पर हमले के बाद भी ईरान की ताकत बरकरार

**तेहरान/वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत से ही इरादे साफ कर दिए थे। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को उठाने के बाद ट्रंप ने लीडरशिप खत्म करने वाली तकनीक का इस्तेमाल ईरान में भी करने की कोशिश की। परमाणु बातचीत के बीच 28 फरवरी को तेहरान पर बोले गए हमले ने ईरान और शिया समुदाय के सुप्रीम लीडर खामेनेई को मार दिया। एक से दो हफ्ते के बीच ईरान में सत्ता परिवर्तन करके जीत हासिल करने का दावा करने वाला ट्रंप अब एक थकाने वाले युद्ध में फंसते नजर आ रहे हैं। होर्मुज के बंद होने और ईरान की नाकेबंदी के बीच परमिट सिस्टम ने अमेरिका और उसके साथियों के लिए और भी ज्यादा परेशानी खड़ी कर दी है। अब सवाल यही है कि आखिर जिस युद्ध को ट्रंप कुछ दिनों में खत्म करने का दावा कर रहे थे, वह अब लंबा क्यों खिंचता जा रहा है? अमेरिकी विशषज्ञों की मानें तो ट्रंप के 'अहसास' के आधार पर शुरू हुए इस युद्ध का ताजा परिणाम यह दिखाता है कि ट्रंप प्रशासन ने जल्दबाजी में यह फैसला लिया है।

### होर्मुज स्ट्रेट का संकट

अमेरिका की तरफ से जब हमला किया गया था, तो उसके पहले वह भारत के ऊपर दबाव डाल रहे थे कि वह रूस से तेल आयात को रोक दे। यूक्रेन की मदद के वाशिंगटन को यह सही भी लगा, तो उसने ट्रेड डील के आधार पर भारत को ऐसा करने के लिए मना लिया। अब ईरान युद्ध शुरू होने के लगभग एक हफ्ते बाद ही जब वैश्विक ऊर्जा का संकट शुरू हो गया, तो अमेरिका ने न सिर्फ भारत को रूसी तेल खरीदने में छूट दी, बल्कि अस्थायी तौर पर रूसी तेल पर लगे प्रतिबंधों को भी हटा दिया। एक महीने में वाशिंगटन द्वारा बदले गए यह फैसले इस बात का संकेत देते हैं कि या तो ईरान पर हमला किसी जल्दबाजी में किया गया है या फिर अमेरिका को अंदाजा ही नहीं था कि ईरान पर हमले की स्थिति में होर्मुज बंद भी हो सकता है।

### ईरान की लंबे युद्ध की तैयारी

1979 में ईरान की इस्लामिक क्रांति के बाद से ही अमेरिका और तेहरान के बीच में तनाव शुरू हो गया था। ईरान तभी से अपने हथियारों को और अपने प्रॉक्सी समूहों को तैयार करता आ रहा है। समय के साथ बढ़ती टेक्नोलॉजी ने उसे और भी ज्यादा मजबूत कर दिया। खामेनेई लगातार अपनी सेना को मजबूत करने में लगे रहे।

### ईरान के सर्वोच्च नेता की समस्या

1979 की इस्लामिक क्रांति के बाद ईरान में खुमैनी की सत्ता आई। ईरान के सुप्रीम लीडर का पद दुनिया भर के शिया समुदाय के लिए सुप्रीम लीडर के रूप में स्थापित हो गया। भारत में भी करोड़ों की संख्या में शिया मुसलमान खामेनेई को अपने नेता के रूप में देखते हैं। ऐसे में जब अमेरिका ने खामेनेई की हत्या की, तो यह केवल ईरान के सुप्रीम लीडर की हत्या नहीं थी, बल्कि दुनिया भर के शिया समुदाय के लीडर की हत्या थी।

### अमेरिका की तरफ से युद्ध के स्पष्ट उद्देश्य का अभाव

राष्ट्रपति ट्रंप की तरफ से शुरुआत में कहा गया था कि इस युद्ध का उद्देश्य ईरान की सत्ता परिवर्तन और परमाणु हथियार को रोकना है। लेकिन निकट भविष्य में ऐसा संभव नहीं लग रहा है। अब हाल में ट्रंप के बयानों को देखें, तो वह सत्ता परिवर्तन की बात करते नजर नहीं आते हैं। ट्रंप और उनकी टीम के बयान इस मामले में थोड़े विरोधाभासी नजर आते हैं। होर्मुज के बंद होने में अमेरिका और उसके सहयोगियों की स्थिति को बिगाड़ दिया है। पिछले साल जब ट्रंप ने अपने बमबर्षक विमान के माध्यम से ईरान की परमाणु ठिकानों पर हमला किया था, तो उन्होंने दावा किया था कि इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया गया है। हालांकि, अब जब फिर हमला किया गया है, तो साफ है कि वह मिशन पूरा नहीं हुआ था।

### ईरान की जनता ने दिया ट्रंप को धोखा?

इस हमले के शुरू होने के पहले ईरान में खामेनेई के खिलाफ जमकर प्रदर्शन हो रहे थे। ट्रंप और इजरायल को इस बात की उम्मीद थी कि हमले के बाद ईरान की जनता उनके साथ आकर सत्ता को उखाड़ फेंकेगी। ट्रंप और नेतन्याहू बार-बार आकर जनता को उठ खड़े होने और आजादी लेने के लिए प्रेरित करते नजर आए। लेकिन ईरान में कोई ज्यादा बड़ा आंदोलन नहीं खड़ा हुआ है।

### इजरायल की लीडरशिप खात्मे की नीति

वेनेजुएला में अभियान की स्थिति में अमेरिका ने मादुरो की हत्या नहीं की। बल्कि उन्हें उठाकर अपने देश ले आए। 2002 में जब सद्दाम हुसैन के खिलाफ भी अमेरिका ने अभियान चलाया था, तो उसकी हत्या न करते हुए पकड़कर केस चलाया गया था। लेकिन ईरान के सुप्रीम लीडर को लेकर अमेरिकी और इजरायली मिसाइलों परिवार सहित उनका खात्मा कर दिया। यह नीति अमेरिका की कम और इजरायल की ज्यादा लगती है। हमास के साथ युद्ध लड़ रहे इजरायल की नीति हमेशा से ही संगठन के नेता को खत्म करके पूरे संगठन को कमजोर करने की रही है।

### अमेरिका की घरेलू राजनीति

दूसरी बार राष्ट्रपति पद बैठे ट्रंप ने अपने अभियानों के दौरान दूसरे देशों के युद्ध में अमेरिकियों को झोंकने का कड़ा विरोध किया था। अब जबकि वह यही कर रहे हैं, तो उन्हें अपने समर्थकों को संभालने में परेशानी हो सकती है। उनके अधिकारी अमेरिकियों को आश्वस्त कर रहे हैं कि युद्ध के कारण बढ़ी तेल कीमतें अस्थायी हैं और दीर्घकालिक लाभ के लिए अल्पकालिक दर्द जरूरी है।

## न्यूज़ ब्रीफ

### पंजाब से दो साल में नशे की समस्या खत्म करेंगे : अमित शाह

**मोगा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2027 के विधानसभा चुनाव के लिए पंजाब में भाजपा के चुनावी अभियान की शुरुआत कर दी है। उन्होंने नशे को पंजाब की सबसे बड़ी समस्या बताते हुए भाजपा सरकार बनने पर दो साल में इसे जड़ से खत्म करने का वादा जनता से किया। 'डबल इंजन' सरकार के लिए समर्थन मांगते हुए गैंगस्टरों पर लगाम और राज्य को भ्रष्टाचार व कर्ज से मुक्ति दिलाने का भी वादा किया। इस दौरान उन्होंने आम आदमी पार्टी सरकार और इससे पहले की कांग्रेस सरकार पर राज्य से धोखा करने के आरोप भी लगाए।

### अंडमान में 36 हजार करोड़ के मादक पदार्थ किए नष्ट

**श्रीविजयपुरम।** अंडमान और निकोबार पुलिस ने नौ महीने में चरणबद्ध तरीके से चलाए गए अभियान में लगभग 6 हजार किलोग्राम मेथामफेटामीन (मादक पदार्थ) नष्ट किया है। इसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत करीब 36 हजार करोड़ रुपये है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह निपटान अभियान 26 जून, 2025 से शुरू होकर 12 मार्च, 2026 को पूरा हुआ। इसे देश में मादक पदार्थ नष्ट करने के अब तक के सबसे बड़े अभियानों में से एक माना जा रहा है।इस सामग्री को पहले 23 नवंबर, 2024 को तटरक्षक बल ने जब्त किया था। द्वीपों के पास भारतीय जलक्षेत्र में म्यांमार के छह चालक दल वाले एक जहाज को रोका गया था। इसमें करीब 1,500 पैकेट में रखी हुई 6 हजार किलोग्राम 'क्रिस्टलीय मेथामफेटामीन' (मादक पदार्थ) बरामद की गई थी।मेथामफेटामीन (क्रेजी ड्रग) एक शक्तिशाली नशीला पदार्थ है और भारत में प्रतिबंधित है। इस संबंध में 26 नवंबर, 2024 को स्वापक औषधि और मनप्रभावी पदार्थ अधिनियम, विदेशी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के संबंधित प्रावधानों के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर के इंफाल से सुरक्षा बलों ने एक प्रतिबंधित संगठन के चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को इंफाल पूर्वी जिले के न्यू चेकॉन इलाके से प्रतिबंधित संगठन 'यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट (पी)' के चार सक्रिय सदस्यों को पकड़ा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि उग्रवादियों के पास से पिस्तौल और गोलियों समेत हथियार तथा गोला-बारूद बरामद किए गए हैं। नेथांगल बाजार से पकड़े गए उग्रवादी की पहचान हेम्बा के रूप में हुई है।

## कर्नाटक के दो सीटों पर उपचुनाव के लिए कांग्रेस तैयार

एजेंसी । बेंगलुरु

सिद्धरमैया ने कहा कि कर्नाटक में होने वाले उपचुनावों के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि बागलकोट और दावणगेरे दक्षिण विधानसभा सीटों के लिए पार्टी ने चुनावी तैयारियां लगभग पूरी कर ली हैं।

### दो नेताओं के निधन से खाली हुई सीटें

मुख्यमंत्री ने बताया कि इन दोनों सीटों पर उपचुनाव इसलिए हो रहे हैं क्योंकि पूर्व विधायक एच. वाई. मेटी और शमनुर शिवशंकरप्पा के निधन के बाद ये सीटें रिक्त हो गई थीं। सिद्धरमैया ने कहा कि दोनों सीटों के लिए उम्मीदवारों के नामों पर विचार किया जा रहा है। राज्य के नेता संभावित उम्मीदवारों के नाम पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को भेजेंगे, जिसके बाद अंतिम फैसला हाईकमान द्वारा लिया जाएगा।

### मेटी परिवार के सदस्य भी दावेदार

मुख्यमंत्री ने संकेत दिया कि बागलकोट सीट के लिए दिवंगत विधायक मेटी के परिवार के सदस्य भी मजबूत दावेदारों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि किसी का चुनाव लड़ने की इच्छा रखना गलत नहीं है और सभी पहलुओं पर विचार कर निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री के अनुसार उपचुनाव की तारीख जल्द घोषित हो सकती है। उन्होंने कहा कि संभावना है कि एक सप्ताह के भीतर चुनाव कार्यक्रम की घोषणा कर दी जाएगी।

## ओडिशा राज्यसभा चुनाव

# पटनायक का भाजपा पर विधायकों की खरीद-फरोख्त का आरोप

एजेंसी । कटक

बीजद अध्यक्ष नवीन पटनायक ने शनिवार, 14 मार्च को भाजपा पर आगामी राज्यसभा चुनावों में ₹विधायकों की खरीद-फरोख्त₹ का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया में एक अपराध बताया। यह टिप्पणी राज्य में क्रॉस-वोटिंग की आशंका के बीच आई है, जहां चार सीटों के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में हैं। भाजपा के वरिष्ठ विधायक जय नारायण मिश्रा ने पटनायक के आरोपों को सिरे से खारिज किया। उन्होंने ऐसी किसी खरीद-फरोख्त से इनकार किया। भाजपा के आधिकारिक उम्मीदवार प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल और राज्यसभा सांसद सुजीत कुमार हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री दिलीप रे निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं और उन्हें भाजपा का समर्थन प्राप्त है। बीजद के उम्मीदवार संतृप्त मिश्रा और डॉ. दत्तेश्वर होता हैं, जिन्हें कांग्रेस और सीपीआईएम का समर्थन है। चौथी सीट जीतने के लिए किसी भी पार्टी के पास पर्याप्त संख्या नहीं है, जिससे क्रॉस-वोटिंग की संभावना बढ़ गई है।

### पटनायक का आरोप

विधानसभा परिसर में मॉक-पोल सत्र के बाद नवीन पटनायक ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा नेता और उनके तीनों राज्यसभा उम्मीदवार विधायकों की खरीद-फरोख्त की कोशिश कर रहे हैं। पटनायक ने इसे लोकतांत्रिक चुनाव जीतने का अपराध बताया। उन्होंने जोर देकर कहा कि ऐसी प्रथा लोकतंत्र के लिए ठीक नहीं है।

### भाजपा का पलटवार

भाजपा विधायक जय नारायण मिश्रा ने पटनायक के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि बीजद प्रमुख ने चुनाव से पहले ही हार मान ली है। मिश्रा ने कहा कि जो व्यक्ति पीलिया से पीड़ित होता है, उसे सब कुछ पीला ही दिखता है। उन्होंने दावा किया कि भाजपा खरीद-फरोख्त में शामिल नहीं है और विधायकों से अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करने का आह्वान किया। मिश्रा ने यह भी कहा कि कुछ विधायक भाजपा को पसंद करते हैं क्योंकि उन्हें बीजद में कोई भविष्य नहीं दिखता।

### मुख्यमंत्री पर भी आरोप

जय नारायण मिश्रा ने दावा किया कि बीजद डूब रही है और उसके कई नेता भाजपा को पसंद करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजद भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की इच्छाओं पर टिकी है। वहीं, बीजद विधायक ब्योमकेश रे ने मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी पर खरीद-फरोख्त में शामिल होने का आरोप लगाया। ब्योमकेश रे ने कहा कि मुख्यमंत्री का विधायकों से सौदा करने का आग्रह करना दुर्भाग्यपूर्ण है।

### ईरान-इजरायल तनाव को कम कराने में भारत निभा सकता है अहम भूमिका : यूएन

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने चेतावनी दी है कि बढ़ते ईरान-इजरायल संघर्ष के गंभीर मानवीय, आर्थिक और वैश्विक परिणाम हो सकते हैं। सभी पक्षों से तत्काल युद्धविराम की दिशा में आगे बढ़ने और तनाव को कम करने में मदद की अपील की है। साथ ही कहा है कि भारत सहित प्रभावशाली देश इसमें अहम भूमिका निभा सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रवक्ता रवीना शामदासानी ने कहा कि संगठन ने महीनों पहले ही संघर्ष की आशंका के बारे में चेतावनी दी थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय के अनुसार, संघर्ष शुरुआती हमलों से आगे बढ़कर अब पूरे क्षेत्र में कई पक्षों को शामिल कर चुका है। शामदासानी ने बताया कि इजरायल, ईरान और अमेरिका द्वारा किए गए हमलों के बाद यह तनाव बढ़ा, जिसके बाद जवाबी कार्रवाई हुई और पड़ोसी देशों को भी प्रभावित करते हुए व्यापक शत्रुता फैल गई। उन्होंने कहा, "भारत, अन्य प्रभावशाली देशों के साथ मिलकर, संयुक्त राष्ट्र चार्टर के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहरा सकता है और इस संघर्ष को समाप्त करने पर जोर दे सकता है।

# मां रो रही, माटी को लूटा जा रहा है : पीएम मोदी

एजेंसी । कोलकाता

नरेंद्र मोदी ने कोलकाता में आयोजित जनसभा में आगामी पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा का चुनावी एजेंडा स्पष्ट किया। परिवर्तन यात्रा के समापन कार्यक्रम में उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए राज्य सरकार की नीतियों और कामकाज पर सवाल उठाए।

प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी 'मां, माटी, मानुष' के नारे के साथ सत्ता में आई थी, लेकिन आज राज्य की स्थिति इसके विपरीत है। उनके अनुसार बंगाल की माताएं परेशान हैं, जमीनों को लूटा जा रहा है और आम लोग राज्य छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं।

### घुसपैठ और सुरक्षा का मुद्दा उठाया

मोदी ने कहा कि घुसपैठ की वजह से बंगाल की "रोटी, बेटी और माटी" खतरे में पड़ गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बाहरी लोग स्थानीय युवाओं के रोजगार छीन रहे हैं और जमीनों पर कब्जे की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य के कई इलाकों की जनसांख्यिकी तेजी से बदली है और बंगाली हिंदुओं को अल्पसंख्यक बनाया जा रहा है।

### दलित और आदिवासी मुद्दों पर सरकार को घेरा

मोदी ने कहा कि राज्य में दलित, आदिवासी और गरीब वर्ग सबसे अधिक परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि आदिवासी समाज के साथ अन्याय हो रहा है और उनकी समस्याओं पर सरकार ध्यान नहीं दे रही।

## भारतीय हिमालयी क्षेत्र में वृक्ष आवरण दो वर्षों में 2.2% घटा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने राज्यसभा को बताया कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र के 13 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में वृक्षों का आवरण 2021 से 2023 के बीच 2.27% कम हो गया है। मंत्री ने प्रश्न के लिखित उत्तर में शुक्रवार को कहा कि भारत की वन स्थिति रिपोर्ट (आईएसएफआर) 2023 के अनुसार इस क्षेत्र में वृक्षों का आवरण 2021 में 15,427.11 वर्ग किलोमीटर से घटकर 2023 में 15,075.5 वर्ग किलोमीटर हो गया है। मंत्री ने यह भी कहा कि भारतीय हिमालयी क्षेत्र के जंगलों में कुल कार्बन भंडार 2023 में 3,273.10 मिलियन टन आंका गया है, जबकि 2021 में यह 3,272.68 मिलियन टन था। भारतीय हिमालयी क्षेत्र में जम्मू और कश्मीर, लद्दाख, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नगालैंड, सिक्किम, त्रिपुरा, असम और बंगाल शामिल हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय वन सर्वेक्षण (एफएसआइ) मिट्टी की गहराई और मिट्टी के कटाव, वनस्पति की विशेषताओं और वनों के लिए खतरों जैसे वन अनुकूल परिस्थितियों के विभिन्न मापदंडों पर डाटा एकत्र करता है। इसे आईएसएफआर 2023 में प्रकाशित किया गया है।



## काम की खबर

# कैंसर के इलाज में मददगार हैं चींटियां

**शिलॉन्ग।** मेघालय की नॉर्थ-ईस्टर्न हिल विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि कैंसर के इलाज में एशियाई वीवर चींटी मददगार हो सकती है। पेड़ पर घोंसला बनाने वाली एशियाई वीवर चींटी के अर्क में कैंसर से लड़ने वाले अद्भुत गुण पाए गए हैं। यह रिसर्च चूहों पर की गई, जिनमें लिंफोमा नाम की कैंसर कोशिकाएं थीं। नतीजे बताते हैं कि इन चींटियों का अर्क कैंसर के इलाज की दिशा में एक सुरक्षित और प्राकृतिक विकल्प बन सकता है। जिन चूहों को चींटी का अर्क दिया गया, उनके जीवित रहने की संभावना 73 फीसदी तक बढ़ गई।

### कोशिकाओं का खात्मा

अर्क ने कैंसर कोशिकाओं में एपोप्टोसिस की प्रक्रिया शुरू की। इसने कैंसर कोशिकाओं को खुद को नष्ट करने पर मजबूर कर दिया। कीमोथेरेपी की दवाओं के मुकाबले इस अर्क ने लिवर और किडनी को बहुत कम नुकसान पहुंचाया, जो इसके कम जहरीले होने का संकेत है।

### कौन-सी चींटी असरदार?

अध्ययन में पाया गया कि वयस्क, यानी 'कामगार चींटियों' से बना इथेनॉल अर्क कैंसर के खिलाफ सबसे ज्यादा प्रभावी रहा।बॉक्स -परंपरा और विज्ञान का मेलपूर्वोत्तर भारत और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाई जाने वाली इन चींटियों का इस्तेमाल कई आदिवासी समुदाय सदियों से भोजन और पारंपरिक दवाओं के रूप में करते आ रहे हैं। वैज्ञानिक इसी पारंपरिक ज्ञान को लैब में परख रहे हैं।

## अजब-गजब | नीदरलैंड की 'ब्लब' गोल्डफिश ने तय की 40 फीट की दूरी

# मछली ने कार चलाकर बनाया रिकॉर्ड

एजेंसी । एम्स्टर्डम

नीदरलैंड में ब्लब नाम की एक गोल्डफिश ने कार चलाकर विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मछली ने एक मिनट में 40 फीट और 3.46 इंच की दूरी तय कर गिनीज विश्व रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज कराया है। इंजीनियर थॉमस डी वुल्फ ने मछली के लिए एक खास किस्म की मोशन-सेंसिंग कार तैयार की। इस कार के ऊपर ड्राइवर की सीट की जगह पानी का एक टैंक लगा था। जैसे ही मछली पानी के अंदर तैरती या हिलती-डुलती थी, कार में लगे सेंसर उसकी हरकतों को पहचान लेते थे और उसी दिशा में पहियों को घुमा देते थे।

### मजे-मजे में आविष्कार

इटली के एक टीवी शो के दौरान थॉमस ने अपनी मछली को कार में बिठाया और देखते ही देखते ब्लब ने एक मिनट में रिकॉर्ड दूरी तय कर ली। भले ही मछली का कार चलाना सुनने में एक मजाक जैसा लगे, लेकिन इसके पीछे की तकनीक बहुत काम की है।

### दिव्यांगों के लिए उम्मीद

जिस मोशन-सेंसिंग तकनीक का इस्तेमाल उन्होंने इस खिलौना कार में किया है, वह भविष्य में दिव्यांगों या उन लोगों की मदद कर सकती है, जिन्हें चलने-फिरने में दिक्कत होती है।